+ CMYK +

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 232- ● जबलपुर ● शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अंडमान-निकोबार और चिली में भूकंप, दोनों जगह 6.1 रही तीव्रता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडमान-निकोबार द्वीप और दक्षिण अमेरिकी देश चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोनों जगह भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। अंडमान निकोबार में भूकंप रात करीब 2.30 बजे आया था। वहीं, चिली में भूकंप 4.30 बजे आया। दोनों जगह भूकंप से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

# पार्वती उफनाई, श्योपुर-कोटा हाईवे बंद

# सिंध भी चढ़ी-गुना में कंटेनर बहा



### दतिया में मंदिर डूबे, आज 24 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है। श्योपुर जिले में 3 दिन से लगातार पानी गिरने से पार्वती नदी में उफान आ गया है। नदी का पानी खातोली पुल के ऊपर आने से श्योपुर-कोटा हाईवे बंद हो गया। पुल के ऊपर 6 फीट ऊपर पानी बह रहा था। गुना जिले के आरोन इलाके में हुई भारी बारिश से सिंध नदी उफान पर आ गई। इस कारण मढ़ीखेड़ा और मोहिनी सागर बांध से पानी छोड़ा गया। गुना जिले में नदी में एक कंटेनर बह गया। ड्राइवर क्लीनर ने कूदकर जान बचाई। दतिया जिले के सेवड़ा में मंदिर और मठ पानी में डूब गए। राजधानी भोपाल में इस बार मानसून सबसे ज्यादा मेहरबान है। तीन महीने से भोपाल में लगातार बारिश हो रही है। भोपाल में इस साल 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। तब से लेकर अब तक 74.88 इंच पानी गिर चुका है। यह 1973 में 74.82 इंच ज्यादा है। भोपाल में मानसून को दस्तक दिए शुक्रवार को 96 दिन पूरे हो गए। मौसम केंद्र ने रविवार को भोपाल समेत प्रदेश के 24 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस सीजन में मध्यप्रदेश में 46 इंच और भोपाल जिले में 66 इंच पानी गिर चुका है। अगले 3 दिन मध्यप्रदेश में इसी तरह रिमझिम होती रहेगी।

### आज इन 24 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान

अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, चंबल, बुंदेलखंड, बघेलखंड और भोपाल संभाग में हल्की बारिश होने की संभावना है। भोपाल, रायसेन, राजग?, विदिशा, सीहोर, अशोकनगर, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योरपुरकलां, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, छतरपुर, सागर, टीकमग?, पन्ना, दमोह, देवास और पन्ना में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।



### 24 घंटे में कहां कितनी बारिश?

24 घंटे में नर्मदापुरम, मंडला में 1.5-1.5 इंच, रायसेन, पचमढ़ी में 1-1 इंच, गुना, भोपाल में आधा-आधा इंच, खंडवा, खरगोन, रीवा, नरसिंहपुर, शिवपुरी, सागर, इंदौर, नौगांव, मलाजखंड, उज्जैन, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, सागर और जबलपुर में भी बारिश हुई।

## नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के नेताओं को नोटिस




### ED ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के नेताओं को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ कांग्रेसी नेताओं को नोटिस जारी किया है। उन्हें अगले हफ्ते पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। एजेंसी ने इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मामले के सिलसिले में पूछताछ की थी।

### नेताओं ने नोटिस मिलने से किया इनकार

सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने कांग्रेस नेता सुदर्शन रेड्डी, शब्बीर अली और जे गीता रेड्डी को पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि, तीनों नेताओं ने नोटिस मिलने की बात से इनकार कर दिया है। पूर्व मंत्री शब्बीर ने कहा कि ईडी की तरफ से मुझे कोई नोटिस नहीं मिला। अगर नोटिस मिलता तो मैं जरूर बताता। गीता रेड्डी ने भी कहा कि मुझे जांच एजेंसी से कोई नोटिस नहीं मिला है। सिकंदराबाद के पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव ने भी नोटिस मिलने से इनकार किया। डी के शिवकुमार ने ईडी से मांगा समय कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने कुछ दिन पहले दिल्ली में ईडी की तरफ से पूछताछ करने की बात कही थी। उन्होंने 19 सितंबर को कहा था कि मुझसे नेशनल हेराल्ड कंपनी के साथ किए गए कुछ लेनदेन के बारे में पूछताछ हुई। शिवकुमार ने कहा कि मैंने अपनी संपत्ति और देनदारियों के बारे में विस्तार से बताने के लिए एजेंसी से और समय मांगा है।

अजब गजब **MP**

# 1918 गांव में नहीं पहुंच पाती एंबुलेंस

**भोपाल यशभारत।** सरकारें भले विकास के दावे करें, लेकिन हकीकत में आज भी गांव मूलभूत सुविधाओं से अछूते हैं। मप्र के करीब 1918 गांव ऐसे हैं, जहां एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती। ऐसे में गर्भवती महिलाएं हों या दूसरे गंभीर मरीज उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस गांवों में नहीं पहुंच पाती। प्रदेश के दूरस्थ गांवों में हालात ऐसे हैं कि ज्यादातर प्रसव घर पर ही कराने प?ते हैं। ऐसे में हाई रिस्क गर्भवतियों की डिलेवरी घर पर होने से जच्चा और बच्चा दोनों की जान पर बन आती है। कई बार तो ज्यादा हालत बिगड़ने पर प्रसूता या नवजात दम तोड़ देते हैं। प्रसूताओं और नवजातों की मौतों को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी के निर्देश पर डिलेवरी प्वाइंट्स पर (प्रसव की सुविधा वाले



अस्पताल) बर्थ वेटिंग होम बनाए जाएंगे। इनमें गंभीर गर्भवती महिलाओं को करीब एक हफ्ते पहले भर्ती कर निगरानी की जाएगी ताकि प्रसव के दौरान खतरे को कम किया जा सके और जच्चा-बच्चा की जान बच सके।

### डिलेवरी की सुविधा वाले अस्पतालों में बनेंगे बर्थ वेटिंग होम

हाई ब्लड प्रेशर(बीपी), एनीमिया (खून की कमी), मोटापा, अति कम वजन, ठिगनापन जैसी समस्याओं से कई हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं जूझ रहीं हैं। इन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत के रिस्क को कम करने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग डिलेवरी प्वाइंट्स (प्रसव की सुविधा वाले अस्पताल) पर बर्थ वेटिंग होम बनाएगा। डिलेवरी प्वाइंट्स के मेटरनिटी विंग या प्रसूति वार्ड में ही पर 6 से 10 बिस्तरों के बर्थ वेटिंग होम बनाए जाएंगे। इनमें हाई रिस्क गर्भवती महिला को प्रसव की संभावित तारीख से करीब एक हफ्ते पहले ही भर्ती कर उसकी देखभाल की जाएगी। ताकि डिलेवरी के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ने से रोका जा सके।

## रूसी राजदूत बोले- भारत-चीन सीमा विवाद द्विपक्षीय मामला, मॉस्को नहीं करेगा हस्तक्षेप

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय पर बहस के बीच भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि यह मसला दोनों देशों के बीच एक 'द्विपक्षीय मामला' है, जिसमें मॉस्को हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने इस मुद्दे पर अमेरिका की अगुवाई वाले पश्चिमी देशों पर तंज कसते हुए कहा कि वे भारत और चीन के बीच संदेह को बढ़ावा दे रहे हैं। अलीपोव ने पिछले हफ्ते उज्बेकिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का हवाला देते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।

# कांग्रेस का मुखिया क्या जादूगर होगा



### 30 सितंबर तक भरे जा सकेंगे फॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। यह प्रोसेस 30 सितंबर तक चलेगी। 1 अक्टूबर को नॉमिनेशन की जांच की जाएगी और उसी दिन वैलिड कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की जाएगी। उम्मीदवारी वापस लेने के लिए आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है। अगर एक से अधिक कांग्रेस नेता ने नामांकन दाखिल किया तो 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए आखिरी बार साल 2000 में चुनाव हुआ था। तब सोनिया गांधी के सामने जितेंद्र प्रसाद थे। सोनिया गांधी को करीब 7,448 वोट मिले, लेकिन जितेंद्र प्रसाद 94 वोटों पर ही सिमट गए। 2000 में सोनिया गांधी के अध्यक्ष बनने पर गांधी परिवार को कभी कोई चुनौती नहीं मिली।

### अध्यक्ष पद की रेस में 4 राज्य से 4 नाम आगे

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए अब दावेदारों की संख्या बढ़ गई है। पहले शशि थरूर और अशोक गहलोत का नाम सामने आ रहा था, लेकिन अब मध्य प्रदेश के पूर्व ष्टरू दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी भी शामिल हो गए हैं।

### कमलनाथ का नाम भी चर्चा में था

ष्टरू दिग्विजय सिंह ने मीडिया से बातचीत में खुद को भी दावेदार बताया था। मध्य प्रदेश के पूर्व ष्टरू कमलनाथ का नाम भी चर्चा में था, लेकिन सूत्रों ने भास्कर को बताया कि 30 सितंबर तक उनका दिल्ली जाने का कोई कार्यक्रम नहीं हैं।

## मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के 23 वर्ष पुराने मामले में पांच वर्ष कैद

**लखनऊ (ईएमएस)।** बांदा जेल में बंद माफिया पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर योगी आदित्यनाथ सरकार के बाद कोर्ट का भी शिकंजा कस गया है। जेलर को धमकी देने के मामले में सात वर्ष कैद की सजा के बाद मुख्तार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गैंगस्टर एक्ट के 23 वर्ष पुराने मामले में पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पचास हजार रुपया जुर्माना भी लगाया गया है। लखनऊ बेंच ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 23 वर्ष पुराने एक मामले में भी जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने शुक्रवार को अंसारी को पांच वर्ष कैद के साथ पचास हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मुख्तार अंसारी के 44 वर्ष के आपराधिक इतिहास में यह लगातार दूसरी सजा सुनाई गई है। लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह निर्णय राज्य सरकार की अपील पर पारित किया है। सरकारी वकील राव नरेन्द्र सिंह के अनुसार राज्य सरकार ने मुख्तार को गैंगस्टर के मामले में ट्रायल कोर्ट से बरी करने के आदेश को चुनौती दी थी।

# वॉशरूम में कपड़े बदल रही आईटीआई छात्रा का वीडियो बनाया

### भोपाल में चंडीगढ़ MMS जैसा कांड

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी MMS कांड जैसा एक मामला सामने आया है। यहां गोविंदपुरा स्थित आईटीआई की एक छात्रा का 3 एक्स स्टूडेंट्स ने अश्लील वीडियो बना लिया। फिर छात्रा को ब्लैकमेल किया। इस मामले में अशोका गार्डन पुलिस ने 3 स्टूडेंट्स के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। 2 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। पीड़ित छात्रा ने बताया- मैं पिपलानी की रहने वाली हूं। मैं आईटीआई गोविंदपुरा से पढ़ाई कर रही हूं। 17 सितंबर को में विश्वकर्मा जयंती का प्रोग्राम था। मैं कपड़े बदलने के लिए वॉशरूम गई थी। इसी दौरान के पूर्व छात्र राहुल यादव, खुशबू ठाकुर और अयान ने मेरा वीडियो बना लिया। मेरे एक दोस्त ने 20 सितंबर को मुझे इसकी जानकारी दी। उसने बताया कि तीनों ने उसे वीडियो दिखाया। जिसमें मैं कपड़े बदलते दिख रही हूं। तीनों एक्स स्टूडेंट्स ने मुझे वीडियो वायरल करने की धमकी दी। ऐसा नहीं करने के एवज में मुझसे पैसे मांगे। मेरे दोस्त ने वीडियो वायरल करने का मना करते





हुए खुशबू ठाकुर को 500 रुपए दे दिए। इसके बाद वे तीनों और पैसे मांग रहे हैं। उन्होंने धमकी दी। कहा- पैसे नहीं दोगी तो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। तुम्हारी बदनामी होगी। तेरा कैंपस जाना बंद करा देंगे। तुम्हें बर्बाद कर देंगे। तुम्हारे मां-बाप को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। हमारे पास उन्हें देने के लिए इतने पैसे नहीं हैं। मैं डर गई। घर पर भी बताने की हिम्मत नहीं थी। डर के मारे हम घर से दूर जाने के लिए निकल रहे थे, लेकिन पुलिस हमें रेलवे स्टेशन से पकड़कर थाने लाई।

## पुणे में PFI की रैली में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

### 1 आरोपी हिरासत में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) के खिलाफ राष्ट्रव्यापी एक्शन के बाद इस संगठन के समर्थक विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि महाराष्ट्र के पुणे में हुए प्रदर्शन के दौरान आपत्तिजनक नारे लगाए गए हैं। इस दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही बिना अनुमति प्रदर्शन करते के आरोप में 60-70 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, पुणे में विरोध प्रदर्शन के कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें कुछ लोग आल्लाहू अकबर के साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। अब पुलिस ने मुख्य आरोपी की पहचान कर ली है, जिसका नाम रियाज सैय्यद बताया गया है।

## रूस में मिला कोरोना जैसा वायरस इन्सानों में भी फैल सकता है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी का खौफ अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इस बीच, रूस से खबर है कि यहां चमगादड़ों में कोरोना जैसा ही वायरस मिला है। स्वास्थ्य वैज्ञानिकों ने इसे खोस्ता-2 (Khosta-2) नाम दिया है। चिंता वाली बात यह है कि यह वायरस इन्सानों में भी फैल सकता है। हालांकि अब तक किसी इन्सान में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रूस में स्वास्थ्य अधिकारी इसे गंभीरता से ले रहे हैं, क्योंकि चीन में कोरोना वायरस की शुरुआत भी इसी तरह हुई थी और फिर तेजी से इस महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लिया था। यह वायरस पहली बार 2020 में रूस में चमगादड़ों में मिला था, लेकिन उस समय वैज्ञानिकों को अंदाजा नहीं था कि यह इंसानों के लिए भी खतरा हो सकता है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध के बाद पाया गया कि वायरस मानव कोशिकाओं को संक्रमित कर सकता है। इस वायरस की अब तक कोई दवा नहीं है। चमगादड़ में पाए गए Khosta-2 वायरस पर COVID वैक्सीन का असर नहीं हुआ है। मतलब यह कि कोरोना की तरह इन्सानों में फैसले पर इसकी भी नई वैक्सीन इजाद करना होगी।

# दिग्गजों का अखाड़ा बना छिंदवाड़ा

### 6 निकायों के लिए जोर लगा रही कांग्रेस - भाजपा



**छिंदवाड़ा जबलपुर (ईएमएस)।** भावी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिटमस टेस्ट के लिए छिंदवाड़ा दिग्गजों का बड़ा अखाड़ा बन गया है जिले के 6 निकायों नगर पालिका दमुआ, जुन्नारदेव, सौंसर पांढुर्णा के साथ ही नगर पंचायत हर्रई और मोहगांव में पार्षदों के चुनाव हो रहे हैं निकायो में पार्षदों का बहुमत हासिल कर अपने अध्यक्ष - उपाध्यक्ष बनाने चुनाव में कांग्रेस -भाजपा जमकर जोर लगा रही है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ ने निकायों के चुनावों का मोर्चा संभाला है दोनो नेता निकायों में रोड शो और जनसभा के माध्यम से जनमानस के बीच छिंदवाड़ा की प्रतिष्ठा की बात रख दी है। निकाय चुनाव में कांग्रेस से झटका खा चुकी भाजपा इन चुनावों में विशेष ध्यान दे रही है जिसको लेकर संगठन के नेता निकाय क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इसके पूर्व हुए नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को चारो खाने चित कर निगम में अपनी सरकार बनाई है जिसके बाद भाजपा के कान खड़े हो गए है अब 6 निकायों के चुनाव में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा भी छिंदवाड़ा आ रहे हैं। चुनाव तो निकायों में हो रहे है लेकिन लगातार यहां दिग्गज नेताओं का आवागमन बना हुआ है लग रहा है कि निकाय चुनाव के बहाने कांगेस और भाजपा दोनों भावी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर छिंदवाड़ा की जनता के मूड को परख रही है।

### कांग्रेस शासित है निकाय

जिले के जिन 6 निकायों में चुनाव हो रहे हैं उनमें दमुआ, जुन्नारदेव, पांढुर्णा, मोहगांव कांग्रेस शासित निकाय है जबकि पांढुर्णा और हर्रई में भाजपा के अध्यक्ष - उपाध्यक्ष थे वर्तमान में निकायो में अध्यक्ष के चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर अब पार्षदों के माध्यम से होंगे। ऐसे में पार्षदों का बहुमत पाने के लिए दोनों दलों ने ताकत झेंक रखी है। चुनाव के बाद यहां पार्षद अध्यक्ष - उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे तय ही है कि जिसे भी पार्षदों का बहुमत मिलेगा वही दल निकाय में अपने अध्यक्ष - उपाध्यक्ष बना पाएगा।

### चुनाव आयोग ने सीएमओ को हटाया

चुनाव आयोग ने चुनाव क्षेत्र से मौजूदा सीएमओ हटा दिया है इनमें दमुआ से डीपी खंडेलकर, जुन्नारदेव से सत्येन्द्र सालवार, मोहगांव से राजाराम वरठी, हर्रई से शिशिर दुबे का अन्यंत्र तबादला कर दिया है उनके स्थान पर नए सीएमओ पदस्थ किए गए हैं।

## शिक्षा विभाग के लिए कलेक्टर के आदेश हवा में...

# कलेक्टर ने कहा जर्जर भवनों को तोड़े विभाग मरम्मत कराने में जुटा

### एकीकृत प्राथमिक बरेला का मामला, 40 बच्चों की जान खतरें में



जबलपुर, यशभारत। स्कूलों में बच्चे सुरक्षित रहकर अध्यापन कार्य करें इसके लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने तीन माह पहले एक आदेश जारी कर कहा था कि जर्जर हो चुकें स्कूल के भवनों को तोड़ दिया जाए। कलेक्टर के आदेश पर जिला शिक्षा विभाग ने करीब 136 ऐसे स्कूलों को चिन्हित किया था जिसमें बच्चों को अध्यापन कार्य कराना खतरे से खाली नहीं है। यहां जानकर हैरानी होगी कलेक्टर को आदेश दिए हुए तीन माह से ज्यादा हो गए बाबजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी जर्जर भवनों में कक्षाएं लगा रहे हैं। इसका एक उदाहरण सोशल मीडिया में एकीकृत प्राथमिक बरेला स्कूल की जारी हो रही फोटो है। दरअसल स्कूल स्टाफ द्वारा जर्जर भवन को मरम्मत कराके उसमें कक्षाएं संचालित कराई जा रही है। यहीं नहीं अब इस भवन में मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी सीएम राइज योजना का स्कूल भी संचालित किया जा रहा है।

#### इंजीनियरों ने विजिट कर कहा तोड़ने लायक है भवन

बताया जा रहा है कि जिले में 136 स्कूलों जर्जर है और सभी स्कूलों का विजिट विभाग के इंजीनियर कर चुकें हैं। सभी भवनों को तोड़ने की सलाह इंजीनियरों द्वारा दी गई है। लेकिन जानकर हैरानी होगी बरेला सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य द्वारा जर्जर भवन को तोड़ने की वजाए नई सीटे डलवाकर स्कूल संचालित कराया जा रहा है।





#### 40 बच्चों की जान के साथ खिलवाड़

बरेला सीएम राइज स्कूल में करीब 40 बच्चे अध्यनरत है। इन बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। दरअसल सोशल मीडिया पर जारी हुई स्कूल की पुरानी फोटो और नई फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल प्राचार्य द्वारा मरम्मतिकरण में खाईबाजी की है। क्योंकि भवन का ऊपरी हिस्सा बदला गया और रंग रोगन किया गया है लेकिन दीवारें वही पुरानी है। इससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## कल पितृ पक्ष का आखिरी दिन

# जिन लोगों की मृत्यु तिथि नहीं पता हो, उनके श्राद्ध के लिए महापर्व है सर्वपितृ अमावस्या



**जबलपुर, यशभारत।** आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या 25 सितंबर को है। इसे सर्वपितृ अमावस्या कहते हैं। जो लोग पितृ पक्ष में श्राद्ध-तर्पण नहीं कर पाएं या जिनको अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि याद न हो, वो लोग इस दिन श्राद्ध करें तो उनके पितर पूरे साल के लिए संतुष्ट हो जाते हैं। इसलिए इसे सर्वपितृ अमावस्या कहते हैं। पितृ पक्ष की अमावस्या के दिन सभी पितरों का विसर्जन होता है। इसलिए इसे पितृविसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. चंद्रशेखर शास्त्री ने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितर अपने वंशजो के घर हवा के रूप में श्राद्ध लेने आते हैं। उन्हें अन्न-जल नहीं मिलता तो वे दुखी होकर चले जाते हैं। इससे दोष लगता है और शास्त्रों में बताया गया पितृ ऋष्ण बढ़ जाता है। इसलिए सर्व पितृ अमावस्या पर जल, तिल, जौ, कुशा और फूल से उनका श्राद्ध करें। फिर गाय, कुत्ते, कौवे और चीटियों के लिए खाना निकालकर ब्राह्मण भोजन करवाएं। इससे पितृ ऋण उतर जाता है।

### श्राद्ध के लिए क्या कहते हैं वेद-पुराण

अथर्ववेद में कहा है कि जब सूर्य कन्या राशि में हो, तब पितरों को तृप्त करने वाली चीजें देने से स्वर्ग मिलता है। याज्ञवल्क्य और यम स्मृति में बताया है कि इन 16 दिनों में पितरों के लिए विशेष पूजा और दान करना चाहिए। इनके अलावा पुराणों की बात करें तो ब्रह्म, विष्णु, नारद, स्कंद और भविष्य पुराण में श्राद्धपक्ष के दौरान पितरों की पूजा का जिक्र है।

### पितृ मृत्युलोक में अपने वंशजों को देखने के लिए आते हैं

ग्रंथों में कहा है कि श्राद्ध शुरू होते ही पितृ मृत्युलोक में अपने वंशजों को देखने के लिए आते हैं और तर्पण ग्रहण करके लौट जाते हैं। इसलिए, इन दिनों में पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोजन और अन्य तरह के दान किए जाते हैं।

### क्या होता है श्राद्ध करने से

ग्रंथों के मुताबिक श्राद्ध करने से पितर तृप्त होते हैं। इससे उनका आशीर्वाद मिलता है। हमारा सौभाग्य और वंश परंपरा बढ़ती है। घर में सुख और शांति रहती है। परिवार में बीमारियां नहीं होती। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ती है। परिवार में संतान पुष्ट, आयुष्मान और सौभाग्यशाली होती है। पितरों का पूजन करने वाला दीर्घायु, बड़े परिवार वाला, यश, स्वर्ग, पुष्टि, बल, लक्ष्मी, पशु, सुख-साधन तथा धन-धान्य प्राप्त करता है।

## अधारताल सीएम राइज स्कूल में सेवा पखवाड़ा का आयोजन





**जबलपुर, यशभारत।** सीएम राइस स्कूल अधारताल जबलपुर में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा आयोजित किया गया जिसके तहत छठवीं से बारहवीं तक के सभी बच्चों का एवं सभी शिक्षकों का ऊषा ऐप में रजिस्ट्रेशन करवा कर उनको उजाज़ के प्रति साक्षर बनाते हुए प्रमाण पत्र दिलवाया गयाएवं ऊजाज़बचत के लिए सभी को शपथ भी दिलाई गई जिसमें प्राचायज़ श्री प्रकाश पालीवाल सर उपप्राचार्य श्रीमती अन्विता सिंह , इस कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती प्रतिभा दुबे , जिले के अक्षय ऊर्जा अधिकारी पी. के. तिवारी एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से अभियान सफल रहा।

## शैल्बी हॉस्पिटल के चिकित्सकों को मिला आइकोनिक अवार्ड

**जबलपुर, यशभारत।** माय एफ एम द्वारा शहर में आयोजित आईकोनिक पुरस्कारों का आयोजन हाल ही में किया गया। जिसमें शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर जिसने मेडिकल फील्ड में कई आयाम स्थापित किये हैं, जहां चिकित्सकीय उत्कृष्टता द्वारा मरीजो को किफायती एवं बेहतरीन इलाज द्वारा नया जीवन दिया जा रहा है के विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार जैन(कोटवाले) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ आशीष तिवारी - हर्दिय रोग विशेषज्ञ, डॉ नितिन दास - काडिज़्यक सर्जन, डॉ एस के शेरेकर - न्यूरो सजज़्न, डॉ मनीष तिवारी (पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ) को उनके द्वारा अमूल्य चिकित्सकीय योगदान के लिए आइकोनिक अवार्ड से नवाजा गया।






## 5 हजार बिल चुकता नहीं करने पर काट दिया बिल

#### मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने किया विरोध

**जबलपुर यशभारत।** यादव कॉलोनी दया नगर निवासी जित्तू सेन का पांच हज़ार बिल बकाया था जिसकी अंतिम तिथि 27 थी, समय से पहले ही बिना जताए बिजली विभाग के कर्मचारी आये और कनेक्शन काट गए। जिसे लेकर मध्य भारत मोर्चा के सदस्य अध्यक्ष सौरभ यादव के साथ उखरी कार्यालय पहुचे और अधिकारी से बात की और पुनः कनेक्शन कराने की बात की, जहा पर अधिकारी ने अस्वस्थ करते हुए कनेक्शन जोड़ने की बात कही है, मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने बिजली विभाग को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि बिजली अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है, जिसका खमियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है, बिभाग के कमज़्चारी बेलगाम हो गए है, इन पर कोई अंकुश लगाने वाला नही है। इस दौरान, मोचाज़ अध्यक्ष सौरभ यादव, जित्तू सेन, गजेंद्र सिंह, राहुल सिंह, बल्लू पटेल,राजा खान, सहवाज़ खान, मोंटू, बबलू अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

## बगलामुखी मंदिर में स्थापित होंगे अखंड ज्योत कलश



**जबलपुर यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में नवरात्रि के पावन पर्व पर 9 दिन तक धार्मिक आयोजन किए जाएंगे 9 दिन तक प्रातः काल से मध्य रात्रि तक धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे प्रातः काल भगवती का श्रृंगार पूजन और आरती भोग एवं सायं काल भगवती का श्रृंगार पूजन आरती महा आरती एवं विशेष पूजन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद के सानिध्य में संपन्न होंगे। यज्ञशाला में भक्तों द्वारा अखंड ज्योत स्थापित किये जाएंगे बटुक ब्राह्मणों द्वारा पूजन पाठ किए जाएंगे समस्त भक्त गण धमज़लाभ अजिज़्त करें।

## राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने ग्वालियर पहुंची जबलपुर टीम

**जबलपुर,यशभारत।** ग्वालियर में 25 सितंबर को होने वाली 17वीं म.प्र. राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में जिले के 12 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें खिलाड़ी युसुफ खान, तनमय साहू, भुयश कपूर, सजल शर्मा, निहार कुमार वर्मा, अभिनन्दन पटेल, हर्षदीप सिंह सलुजा, विनम्र सोनी, अंशुल अहिरवार, श्रेयांश अग्रवाल, कनिष्क सेन, कार्तिक सेन आदि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे जिला सचिव नन्दकुमार यादव जी, सायकिलिंग कोच प्रहलाद सोनी ने विजय होने की शुभकामनाएँ दी है।

## ऊर्जा साक्षरता अभियान में किया जागरुक

जबलपुर, यशभारत। नचिकेता महाविद्यालय जबलपुर में सेवा पखवाड़ा च्च्ऊर्जा साक्षरता अभियानज्ज हमारा प्रण ऊर्जा संरक्षण के तहत लगभग 300 से अधिक छात्र/छात्राओं को ऊर्जा बचाने हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) पी. आर. चंद्रा द्वारा शपथ दिलाई गई है। प्राचार्य ने कहा कि आज युवा यदि वर्तमान से ऊर्जा बचत नहीं करेगा तो आने वाले समय में पुनः भारतवासियों को लालटेन का सहारा लेना पड़ेगा क्योकि कोयला, पेट्रोलियम पदार्थो का भण्डारण लगभग समाप्ति की ओर है। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री आर एस चंदेल, नोडल अधिकारी श्री रमेश अलोने एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम से जुड़कर पंजीयन प्रक्रिया और शेष प्रक्रिया में अपनी सहभागिता दर्ज की गई।



## बकरी को लगने वाली वैक्सीन का उपयोग लंपी वायरस से ग्रसित मवेशियों पर किया जा रहा है


**जबलपुर, यशभारत।** मवेशियों में लंपी वायरस तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में अब तक कई जिलों के मवेशी इस वायरस की चपेट में आ गए हैं। मवेशी में लंपी वायरस से निपटने के लिए अभी तक वैक्सीन पूरी तरह से तैयार नहीं है। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी को लगने वाली गोटपाक्स वैक्सीन का उपयोग लंपी वायरस से ग्रसित मवेशियों पर किया जा रहा है। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति और इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आइवीआरआइ) बरेली के बोर्ड सदस्य प्रो.एसपी तिवारी के मुताबिक आइवीआरआइ ने वैक्सीन तैयार की है, लेकिन अभी तक इसका ट्रायल पूरा नहीं हुआ। ट्रायल के बाद बड़े स्तर पर इसके उत्पादन को लेकर काम किया जाएगा, जिसमें समय लगेगा।जबलपुर समेत प्रदेशभर से आने वाले मवेशी के सैंपल की जांच करने के लिए भोपाल में पशुपालन विभाग की हाई सिक्योरिटी लैब और जबलपुर के नानाजी देशमुख पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलाजी विभाग को अधिकृत किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एसपी तिवारी ने बताया कि इसके लिए विभाग से टीम बनाई गई है, जो न सिर्फ लैब में आने वाले सैंपल की जांच कर रही है बल्कि आस-पास के जिलों में जाकर अपने स्तर पर भी सैंपल ले रही है। हमारे पास आधुनिक लैब और अनुभवियों की टीम है, जो इस काम में लगी है।

# दुर्गोत्सव की तैयारियां प्रभावित

## मानसून-सत्र की विदाई बेला में हो रही बारिश

**जबलपुर यशभारत।** मानसून सत्र की अगले एक सप्ताह में होने जा रही है। विदाई की पूर्व बेला में शहर में खंड-खंड वर्षा हो रही है। शुक्रवार को भी कई क्षेत्रों में कहीं तेज, कहीं मध्यम तो कहीं कम बारिश के नजारे देखे गए। सुबह के बादलों के छाने से ऐसा लगा कि बारिश तेज होगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। छुटपुट बारिश ने दुर्गोत्सव की तैयारियों को प्रभावित किया। वहीं दुर्गोत्सव, रामलीला समितियां मौसम के मिजाज देखकर चिंतित है कि कहीं त्यौहार में बारिश का व्यवधान न पड़े। पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर खंड खंड वर्षा हो रही है।

उत्तर पश्चिमी हवायें दिन में गर्मी का एहसास कराती है जबकि रात में उत्तरी हवायें गुलाबी ठंडक का वातावरण बना देती है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तरी हवायें प्रारंभ हो गई हैं, अब धीरे-धीरे तापमान में कमी आयेगी और गमीज़ से राहत मिलेगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मौसम शुष्क बना हुआ है। 30 सितंबर शुक्रवार को इस मानसून-सत्र का आखिरी दिन होगा। मौसम विज्ञान के मुताबिक 1 जून से 30 सितंबर तक मानसून सत्र रहता है। इसके बाद बारिश की संभावना समाप्त हो जाती है। स्थानीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रवक्ता के अनुसार महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है। जिसके कारण बादल आ रहे हैं और बारिश हो रही है। अगले एक-दो दिनों तक मौसम ऐसे ही रहेगा। मानसून अब लौट रहा है। जाते-जाते दो-चार दिन और बारिश होगी फिर शीत ऋतु का आगाज होगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 22.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दजज़ किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 85 प्रतिशत और सायंकाल 87 प्रतिशत आंकी गई। सूयोज़्दय सुबह 6.00 मिनिट पर और सूयाज़्स्त सायं 06.05 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 13.4 मिमी वषाज़ दजज़ की गई। 1 जून से अब तक कुल वषाज़ 1345 मिमी (लगभग 54 इंच) दजज़ की जा चुकी है। जबकि गत वषज़ आज के दिन 0.0 मिमी वषाज़ हुई थी और कुल वषाज़ 625 मिमी दजज़ की जा चुकी थी। गत वषज़ आज के दिन अधिकतम तापमान 31.08 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री दजज़ किया गया था। उत्तर-पूवीज़ हवाएं 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।



## मप्र आयुर्विज्ञान विवि में परीक्षा नियंत्रक का कारनामा

# परिणाम-डिग्री और मार्कशीट में गलतियां करने वाली कंपनी पर की दिखावे की कार्रवाई

## कमिश्नर के कुलपति के प्रभार से हटते ही हो रहे मनमाने फैसले




**जबलपुर, यशभारत।** हमेशा अपने कारनामों के कारण प्रदेश नही देश में ख्याति प्राप्त कर चुकी प्रदेश की में राज्यस्तरीय मेडिकल यूनिवर्सिटी को एक बार पुनः चर्चा में है। इस बार चर्चा का कारण परिणाम-डिग्री और मार्कशीट बनाने वाली कंपनी है। दरअसल कंपनी ने ढेरों गलतियां की परंतु उस पर विवि ने कार्रवाई के नाम सिर्फ औपचारिकता की। परीक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले परीक्षा परिणाम डिग्री ओर मार्कशीट जैसे मामलों में अधिकरी के साथ मिलकर लगभग हजारों गलती कर चुकी कंपनी को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा परीक्षा विभाग से तो नही हटाया जबकि कार्रवाई की रस्म अदा करने के नाम पर नामांकन ओर संबद्धता से हटा दिया गया। मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एण्ड टू एण्ड सॉल्यूशन हेतु मेरिटट्रेक कंपनी कंपनी को ठेका दिया गया था किन्तु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कंपनी की कार्यप्रणाली असंतोषप्रद है एवं कई बार इन्हें मौखिक चेतावनी भी दी जा चुकी है किन्तु यह पाया गया है कि कंपनी की कार्यप्रणाली में विशेष सुधार नहीं है अतः इन्हें 15 दिन का नोटिस दिये जाने का निर्णय लिया गया है सुधार न होने की स्थिति में अनुबंध समाप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। सूत्र बताते हे की मगर कमिश्नर के कुलपति के प्रभार से हटते ही कुलसचिव की अनुपस्थिति में उपकुलसचिव द्वारा प्रभारी कुलसचिव होते हुऐ आनन फानन में बिनापूर्व एजेंडा के न सिर्फ़ बैठक की बल्कि परीक्षा विभाग मे गलती करने वाली कंपनी को परीक्षा से न हटा कर मात्र औपचारिकता पूर्ति के लिए नामांकन ओर संबद्धता से पृथक किया

### सरकार तक पहुंचाएगे विवि का सच

अभिषेक पांडे अध्यक्ष मध्यप्रदेश छात्र संगठान का कहना है कि मेडिकल विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका हे यहां आधिकारी अपना मूल काम छोड़ सिफऱ् पैसा कमाने आते हे ओर भ्रष्टाचार करते हे अभी वर्तमान में पदस्थ व दोबारा विश्वविद्यालय आने में लगे अधिकारी पूर्व में भी भ्रष्टाचार कर चुके है और विश्वविधालय से अलग हुऐ है। संगठन बहुत जल्दी व्यापक स्तर पर मेडिकल विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार को और भ्रष्ट आधिकारीयो का प्रचार प्रसार कर सरकार की नीद खोलेगा।

## सुपर स्पेशलिटी मरीजों को सौगात

# इलेक्ट्रोलाइड सैम्पलों के साथ लीवर फक्शन किडनी फक्शन, हृदय की भी जांच होगी





**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नेशनल एक्रीडेएशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल सर्टिफिक्रेशन को लेकर की गई तैयारी को देखने के लिए अधिकारियों की टीमें पहुंची। नेशनल असेस्मेंट के लिए केंद्र से आई दो टीमों प्रिसिंपल असेसर में डॉ. रागिनी वर्मा, असेसर में डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी व डॉ. वैशाली टेंभरे ने सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण ऑक्सीजन प्लांट से शुरू किया। यहां पर तीन अधिकारियों ने हॉस्पिटल में अलग-अलग टीमें बनाकर इस्पेक्शन शुरू किया।



एक टीम ने ऑक्सीजन प्लांट, फायर सिस्टम, वॉटर प्लॉट का भ्रमण कर यहां पर सर्टिफिक्रेशन के मुताबिक मापदंडों को बारीकी से देखा और यहां के। कुमारी अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। वहीं दूसरी टीम ने ऑपरेशन थियेटर सहित उपकरण एवं इनके रखरखाव के संबंध में जायजा लेते हुए जानकारी ली, तो तीसरे अधिकारी ने ओपीडी से लेकर वार्डो का भ्रमण कर वहां पर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि यह टीम तीन दिन हॉस्पिटल में रहेगी। आज भी यह टीम सटिज़्फिक्रेशन को लेकर आवश्यक मापदंड को देखेंगी और तीसरे दिन रिपोर्ट तैयार करेगी। टीम के अधिकारी जब अस्पताल की सेंट्रल लैब पहुंचे तो उन्हें यहां पर लैब इंचार्ज डॉ. जयदेव सिंह ने बताया कि लैब को पहले से बहुत ही अपग्रेड कर दिया गया है। यहां पर वर्तमान में मरीजों के इलेक्ट्रोलाइड सैम्पलों की जांच के साथ अब हम लीवर फक्शन, किडनी फक्शन, हृदय से संबंधित जांच व सीबीसी की जांच भी फ्रीकी जा रही है।



# गढ़ा में नाबालिग छात्रा से शोहदे ने की छेड़छाड़

## हाथ पकड़कर किया प्रेम का इजहार, एफआईआर

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा चौक में छात्रा से छेड़छाड़ करने का एक मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ ही आरोपी भी अध्ययनरत है, जो आए दिन छात्रा से छेड़छाड़ करता था। लेकिन लोकलाज के कारण छात्रा यह सब सहती रही। कल जब छात्रा शारदा चौक रोड पर जा रही थी, तभी आरोपी ने हाथ पकड़कर बदसलूकी की और प्रेम का जबरन इजहार करने लगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 17 वर्षीय किशोरी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि वह शारदा चौक की निवासी है। उसी के साथ आरोपी युवक भी पढ़ाई करता है। जो हमेशा तंज कसते हुए उससे छेड़छाड़ करता है। कल बदसलूकी करते हुए आरोपी ने छेड़छाड़ की और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अब आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

# कोरोना से महिला की मौत मोक्ष ने कराया अंतिम संस्कार



**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना संक्रमण भले ही कम हो गया लेकिन मौतें लगातार हो रही है। सतना निवासी 32 वर्षीय महिला की शनिवार को मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला का अंतिम संस्कार मोक्ष द्वारा कराया गया।

### मोक्ष कल करेगा पिंडदान

मोक्ष के आशीष ठाकुर ने बताया कि पितृ अमावस्या पर तिलवारा घाट नर्मदा तट पर प्रत्येक वर्ष की तरह ज्ञात अज्ञात एवं कोरोना से मृत जीवन का किए गए अंतिम संस्कारों और इस धरा पर जहां भी लावारिस जीवनों ने प्राण त्यागे जिन भी परिस्थितियों में उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंड दान एवं तपज़्ण किया जाना है जिसमें धर्मानुसार पूजन पाठ निःशक्तो को भोजन जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री दिव्यांग जनों को उनकी आवश्यकता अनुसार कृतिम सामग्री संभव दान की जाएगी। निराश्रित जीवन के लिए भी जीवन देने के प्रयास के साथ जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी मोक्ष सेवा तत्पर है।

# वट्ेश्वर धाम पिपरिया में नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला समीप वट्ेश्वर धाम पिपरिया में नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है वट्ेश्वर धाम पिपरिया में मां जगत जननी की प्राण प्रतिष्ठित मूतिज़् स्थापित है और मां जगत जननी की नौ बहनों के साथ हरदौल बाबा भैरव बाबा भी, बड़ी खेरमाई माता, हनुमान जी महाराज, शनिदेव, विराजमान है वट्ेश्वर धाम परिसर की सुन्दरता, विशालकाय बरगद,पिंपल, ओर सुन्दर फुलवारी एवं अनेक औषधि पौधे,भक्तों के मन को मोहित करती है नवरात्रि के अवसर पर भक्तों का जमावड़ा लगातार नौ दिनों तक लगा रहता है बटेश्वर धाम की मान्यता है कि नवरात्रि में सच्चे हृदय से जो भी भक्त मनोकामना करता है उसकी मनोकामना पूणज़् होती है प्रथम दिन से ही मां जगत जननी का श्रृंगार आराधना पूजन आरती एवं पंचमी से महाआरती, कन्या भोज,भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस काम में वट्ेश्वर धाम पुजारी पंडित विजय पांडे, रानू तिवारी विवेक तिवारी,राकेश सोनी,शिवराम, मणिराम,गोपाल कुशवाहा,सूरज यादव सहित सभी का सहयोग रहता है।

## एकीकृत शासकीय हाई स्कूल कटियाघाट में कार्यक्रमों की धूम

**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय हाई स्कूल कटियाघट, जबलपुर में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ऊर्जा साक्षरता अभियान कार्यक्रम के तहत विद्यालय में प्रातःऊर्जा बचन शपथ के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रभारी श्रीमती इंदु मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को उर्जा साक्षरता अभियान के रजिस्ट्रेशन पश्चात प्रमाणीकरण( प्रमाण पत्र ) प्राप्त हुए है।

# मध्य प्रदेश आदिवासी महिला कांग्रेस अध्यक्ष का नगर आगमन




जबलपुर यशभारत। आज मध्य प्रदेश आदिवासी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चंद्रा सरवटे जी के प्रथम नगर आगमन पर समस्त आदिवासी महिला समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया स्वागत कायज़्क्रम आदिवासी महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा गोंटिया के आवाहन पर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं महापौर श्री जगत बहादुर सिंह च्च्अन्नूज्ज जी के मुख्य आतिथ्य में एवं जबलपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव, प्रदेश महामंत्री इंदिरा पाठक तिवारी, प्रदेश महामंत्री रेखा विनोद जैन, प्रदेश महामंत्री मनीषाअवस्थी, रजनी निगम, एमआईसी मेंबर लक्ष्मी गोटिया की विशेष उपस्थिति में किया गया कायज़्क्रम में पावज़्ती मरकाम कमला कोल, आशा धुवेज़्, गोमती कोल, अंजना अमलाथे, पानबाई, सुनीता कोल, द्रोपती कोल, नीमा कोल, आदि कायज़्कारिणी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी। आभार प्रदर्शन ग्रामीण अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस महिला श्रीमती अनीता गोटिया द्वारा किया गया !

# बलात्कार के बाद 15 वर्ष की नाबालिग बन गयी मां

## 18 वर्षीय युवक ने 9 माह पहले की थी ज्यादती, आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर, यशभारत।** खितौला में एक 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुराचार की घटना करीब 9 माह पुरानी है। मामले का खुलासा तब हुआ जब किशोरी के परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुँचे, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दे दिया। महिला चिकित्सक की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां काउंसलिंग के बाद परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तैयार हुए। पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी 9वीं कक्षा में पढ़ती है। किशोरी के परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के दौरान पता चला कि किशोरी गर्भवती है। महिला चिकित्सक ने तुरंत इसकी खबर पुलिस को दी। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस अस्पताल पहुंची। किशोरी के परिजनों से बातचीत के दौरान वे इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने की बात पर अड़े रहे। मामले को गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने महिला चिकित्सक की मदद से परिजनों की काउंसलिंग की। जिसके बाद परिजन शिकायत दर्ज कराने के लिए तैयार हुए और मामला दर्ज किया गया।

### साथ ले जाकर की ज्यादती

पीड़िता के मुताबिक उसके साथ यह घटना करीब 9 माह पहले हुई। थाना क्षेत्र में रहने वाला 18 वर्षीय युवक उसे अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लोक लाज और समाज में बदनामी के डर के कारण परिजनों ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई। पुलिस ने देर 376 और पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। पीड़िता और परिजन की पहचान के आधार पर पुलिस ने 18 वर्षीय आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में भर्ती किशोरी और उसका बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा हैं।

# एम आई एल के स्थापना दिवस का होगा विरोध

**जबलपुर यशभारत।** म्युनिंशन इंडिया लिमिटेड के तहत आने वाली आयुध निर्माणी खमरिया में निदेशालय की ओर से1 अक्टूबर को प्रथम स्थापना दिवस का वहां की यूनियनों और एसोसिएशनों ने विरोध करते हुए आयोजित कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। एआईडीईएफ बीपीएमएस एनपीडीईएफ सिड्रा ने सर्कुलर जारी कर एमआईएल दिवस का पूर्ण विरोध करने को कहा है।

## खमरिया में यूनियनों एसोसिएशनों ने किया फैसला

इसी संबंध में आयुध निर्माणी खमरिया में ओ एफ के लेबर यूनियन कामगार यूनियन एस सी एस टी यूनियन ए आई एन जी ओ सुपर वाइजर एसोसिशन क्लेरिकल एसोसिशन ने बैठक कर 1 अक्टूबर को एमआईएल दिवस का पुरजोर विरोध करने का फैसला लिया है।इसी तरह की जानकारी सुरक्षा कर्मचारी यूनियन( इंटक )के महामंत्री आनंद शर्मा ने जानकारी दी है कि आई एन डी डब्ल्यू एफ ने परिपत्र जारी करते हुए म्युनिंशन इंडिया का स्थापना दिवस मनाने का विरोध करते हुए कर्मचारियों से निगमों के गठन के खिलाफ अपनी भावानाएं विभिन्न तरह व्यक्त करने के लिए कहा है।ओएफके में विरोध के तौर पर कई कार्यक्रम निश्चित किये गये हैं जिसमे काला बैच पहनना पर्चा वितरण पोस्टर लगाने के साथ साथ खमरिया प्रशासन सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

# जीसीएफ को आप.सोसायटी देगी साढ़े 11 फीसदी लाभांश

## सबसे पुरानी सोसायटी की वार्षिक सभा में सर्व सम्मति निर्णय




**जबलपुर, यशभारत।** जी.सी.एफ. को ऑपरेटिव सोसायटी की 109वीं वार्षिक आम सभा संस्था परिसर में सोसायटी अध्यक्ष जसबीर सिंह भसीन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संस्था के वर्ष 2021-22 का लेखा-जोखा तथा आगामी वर्ष 2023-24 का बजट आदि सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

अध्यक्ष ने सदन को बताया कि संस्था सभी सदस्यों के सहयोग से अच्छी आर्थिक स्थिति में है। काफी संख्या में रिटायरमैंट होने के बावजूद कार्यरत् पूंजी लगभग 57 करोड़ रूपये है।सदस्यों को कम दर पर ऋण देकर भी लाभ कमा रही। वर्तमान में अमानती ऋण 2 लाख शिक्षा चिकित्सा ऋण 3 लाख 90 हजार रू. त्योहार पेशगी 20हजार के साथ सदस्यों को प्लाट एवं गृह निर्माण पर भी 15 लाख रू ऋण प्रदान कर रही है एवं सत्र 2021-22 में लगभग 80 करोड़ रू. ऋण के विभिन्न मदों में वितरित किये गए।

अध्यक्ष श्री भसीन ने बताया कि सदस्यों के हित को ध्यान में रख कर इस वर्ष सभी ऋण की ब्याज दरों में भी कटौती11.4 प्रतिशत से घटाकर 10.2 प्रतिशत कर दी गई है। साथ ही जमा आवर्ती जमा एवं फिक्स डिपाजिट पर अधिक्तम ब्याज और नव वर्ष मिलन पर सभी सदस्यों को उपहार किये जाते हैं। सदस्यों को रक्त दान, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करने हेतु संस्था द्वारा सदस्यों को अनुदान दिया जा रहा है। लेखा-जोखा पर विचार करने के उपरांत सभी सदस्यों के हित को ध्यान में रखते हुए इस बार पूर्व में प्रदान किये गए 10.6 प्रतिशत लाभांश को बढ़ाकर इस बार 11.5 प्रतिशत लाभांश का वितरण दीपावली पूर्व करने को एतिहासिक निर्णय भी इस आम सभा में सर्वसम्मति से लिया गया। जिसपर सभी उपस्थित डेलीगेटों ने ध्वनिमत से स्वीकृत कर हर्ष व्यक्त किया। आमसभा में संस्था के प्रबंधकारिणी सदस्य हेमन्त कुमार विनोद कुमार रमेश शर्मा एस.के.राय अभिषेक कुमार राजेन्द्र वर्माक्षमृगेन्द्र कुशवाहा सुरेश कुमार एवं समस्त डेलीगेट उपस्थित थे।

## अहिल्या उद्धार नगर प्रवेश लीला का मंचन



**जबलपुर, यशभारत।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर बाजार अहिल्या उद्धार नगर प्रवेश लीला का मंचन किया गया भगवान राम संपूर्ण जगत में नारी सशक्तिकरण के केंद्र बिंदु है तभी तो मयादज़् पुरुषोत्तम है। लीला की आरती सीताराम कुरचानिया मनोहर लाल रामस्वरूप संदीप चौक से अभय नायडू द्वारा संपन्न तुलसीदास जी कहते हैं पत्थर की शिला पल भर में शराब मुक्त हो जाती है प्रभु के चरणों का स्पशज़् गुरु जी द्वारा बताया श्रृंगा ऋषि का श्राप द्वितीय चरण में जनकपुरी में प्रभु का आगमन होता है यही मिला को विराम दिया जाता है कल की लीला माता गौरी का पूजन फुलवारी लीला का मंचन किया जाएगा।


## पश्चिम मध्य रेल

### सामग्री प्रबंधन विभाग

### (भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या EPS/37/2022)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 20223446 | Set Of Hydraulic Dampers | 13 Sets |
| 2 | 20214062B | Push Pull rod (Traction Bar) | 48 Sets |
| 3 | 30221545 | Yaw Damper For All Type Of Lhb Coaches | 557 Nos. |
| 4 | 30221541 | Primary Vertical Damper For Fiat Bogie | 2071 Nos. |
| 5 | 30221268A | Non Asbestos Based "K" Type High Friction | 8736 Nos. |
| 6 | 30221671 | Entrance Hand Rail Complete | 81 Nos. |
| 7 | 38222319 | Control Rod for BOXN wagon Dimensions | 3853 Nos. |
| 8 | 38223404A | Pull Rod Main for BLC | 202 Sets |
| 9 | 38224131 | Hand brake pull rod for BOXN HL Wagon | 399 Nos. |
| 10 | 38221624 | Vapour Extractor Cock | 326 Nos. |
| 11 | 38221678B | Air hose Coupling Support Duly Assembled | 50978 Nos. |
| 12 | 38224156 | Atl Torsion Spring (Steel) | 3096 Nos. |
| 13 | 38223413A | Centre Pivot Top (BLC) | 575 Nos. |
| 14 | 61222041 | Set of M.S. M20 hex head bolt (Galvanised) | 2205 Sets |
| 15 | 61222191 | Bolt MS black hex head round body | 34554 Kgs. |
| 16 | 80221356 | UTS Thermal Paper Ticket Roll | 132000 Nos. |
| 17 | 80221003B | Internal Combustion Engine Crank Case Oils | 6300 Litre |

Opening Date:- For Sr. Nos. 1 to 17: 20.10.2022.

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

# शासन की योजनाओं और निर्माण कार्यों में जनता की संतुष्टि जरूरी : मुख्यमंत्री

**भोपाल, यशभारत।** **मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करें, विकास और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। कार्यों के प्रति जनता को संतुष्टि मिलना चाहिए। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा और लापरवाही बतरने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डिंडौरी जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में हितग्राहियों को लाभांवित करने की धीमी प्रगति के कारण जिला आपूर्ति अधिकारी श्री टी.आर. अहिरवार को निलंबित करने और योजना में कार्य करने वाली गैस एजेंसियों की जाँच भी करने के निर्देश दिए हैं।**

## मुख्यमंत्री ने जन सेवा शिविर में जिला आपूर्ति अधिकारी को किया निलंबित



### नलजल योजना के कार्यों में जनता भी करे निगरानी, संतुष्टि न होने पर 181 पर दर्ज करें शिकायत

### डिंडोरी जिले के ग्राम जोगी टिकरिया शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री चौहान शुक्रवार को डिंडौरी जिले के ग्राम जोगी टिकरिया में मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित विधायक जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और बी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर से अमरकंटक तक फोर लाईन सडक का निर्माण कार्य 400 करोड रूपये की लागत से पूरा किया जाएगा। डिंडौरी से शहडोल मार्ग का निर्माण भी गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने जोगीटिकरिया में नर्मदा नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण करने की बात कही। नर्मदा नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण करने से श्रद्धालुओं को नर्मदा नदी के दर्शन एवं स्नान करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान में शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर में हितग्राहियों का चयन कर उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में सभी पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जाये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन में घर-घर तक नल से पेयजल पहुँचाया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों को पेयजल समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। लोगों को पानी के लिए दूर-दूर तक पैदल जाने की समस्या दूर हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मिशन अंतर्गत जिले में संचालित 351 नलजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन के कार्यों की जनता भी मॉनीटरिंग करेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में संतुष्टि नहीं होने पर सीएम हेल्पलाईन 181 में शिकायत दर्ज करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना से किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से प्रतिवर्ष 4 हजार रूपए प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने डिंडौरी में योजनाओं से लाभांवित होने वाले किसानों की संख्या के अंतर को 15 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को अच्छी और बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। इससे लोगों को साल में 5 लाख रूपए तक के इलाज कराने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर में 31 अक्टूबर तक सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले के सभी किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से किसान शून्य प्रतिशत की दर से ऋण ले सकेंगे। किसानों को खाद, बीज और उर्वरक खरीदने के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दुग्ध के व्यवसाय को लाभदायक बताया। उन्होंने पशुपालकों को शासन की योजनाओं के माध्यम से दुधारू पशु उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पशु पालक और मछुआ समितियों को भी क्रेडिट कार्ड जारी करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बेटियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लाडली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की गई है। इससे प्रदेश की बेटियों का उज्जवल भविष्य बन सके। बेटियों का जन्म होने पर उन्हें लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ देकर लखपति बनाया जाता है। योजना में बेटियों को कक्षा 5वी, 8वी, 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। बेटियाँ जब 21 वर्ष की हो जाएंगी तो उन्हें एक लाख रूपए का अंतिम भुगतान कर उनका जीवन सरल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना में दूर-सुदूर क्षेत्रों एवं मजरे-टोलों तक वाहन के माध्यम से राशन पहुँचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आवास योजना प्लस के कार्यों को शीघ्रता से प्रारंभ करने तथा हितग्राहियों के खातों में राशि जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस में गडबडी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नीट/जेईई मेन्स में चयनित आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जायेगी। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को टैबलेट एवं डिक्शनरी प्रदान की। डिंडौरी जिले की 162 महिला स्व-सहायता समूहों को 3 करोड 54 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई। ला?ली लक्ष्मी योजना में हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के 8 हितग्राहियों को अस्सी हजार रूपए का चेक वितरण किये। मुख्यमंत्री प्रसूती सहायता योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश को बेस्ट इमर्जिंग स्टेट इन मिलैट प्रमोशनपुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश को मिलेट उत्पादन को प्रोत्साहित करने वाले राज्यों में अग्रणी उदीयमान राज्य का पुरस्कार प्रास होने पर सभी किसानोंए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा मोटे अनाज की खेती को बढावा देने के प्रयासों में मध्यप्रदेश सक्रिय भागीदारी कर रहा है। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश को ष्बेस्ट इमर्जिंग स्टेट इन मिलेट प्रमोशन से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा उत्पादन को बढावा एवं संवर्धन में अग्रणी उभरते राज्य के पुरस्कार से मध्यप्रदेश को सम्मानित किया जाना उत्साहजनक उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है।



# प्रतिबंध लगाकर भूला प्रशासन, धडल्ले से मध्य प्रदेश में हो रहा प्लास्टिक का उपयोग

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में प्रशासन सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पालीथिन कैरी बैग पर प्रतिबंध लगाकर भूल ही गया। प्रतिबंध के पौने तीन महीने बाद भी थोक बाजार से सब्जी बाजार तक धडल्ले से अमानक स्तर की प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। यहां तक कि पालीथिन में उन मरीजों को भी गर्मागरम चाय और दही परोसा जा रहा है, जो इलाज कराने के लिए अस्पतालों में भर्ती हैं।**

इन हालातों में भी स्थानीय प्रशासन मौन है। शुरूआत में अभियान चलाकर प्लास्टिक जब्त करने के बाद किसी ने मुडकर भी नहीं देखा। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने जुलाई-2022 से देशभर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। मध्य प्रदेश सरकार मई-2017 में 75 माइक्रोन से अधिक मोटाई के पालीथिन कैरी बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

प्रदेश के अधिकांश शहरों में स्थानीय प्रशासन की शह पर प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि सभी को पता होने के बाद भी सब्जी बाजार, किराना दुकान, चाय की दुकानों पर पालीथिन में सामग्री दी जा रही है। नगरीय निकाय के जिम्मेदार अधिकारी रस्म अदायगी के लिए कभी-कभी बाजार में निकलते हैं और कुछ फुटकर व्यापारियों पर कार्रवाई कर पाते हैं, तब तक उस बाजार से प्लास्टिक गायब हो जाती है।

# लकडी को हथियार बनाकर संवार रहे हैं तलवारबाजी में करियर

**भोपाल, यशभारत। जबलपुर से 24 किमी की दूरी पर एक छोटा गांव है उदयपुर। यह गांव मंडला जिले में आता है। गांव पिछले चार सालों से खेलों के कारण चर्चा में आया है। बिना सुविधा और संसाधन के तलवारबाजी जैसे खेल में यहां की प्रतिभाएं गजब का प्रदर्शन कर रही हैं। राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय प्रतियोगिता में इस टीम ने 30 से अधिक पदक जीतकर सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। तलवारबाजी को अमूमन महंगा और पैसे वालों का खेल माना जाता था,लेकिन छोटे से गांव के एक फुटबाल प्रशिक्षक ने अपनी मेहनत से इस धारणा को बदलकर रख डाला है। प्रशिक्षक संदीप वर्मा ने बताई अपनी सफलता की कहानी।**

प्रश्न - आप फुटबाल कोच हैं और तलवारबाजी के खिलाडी तैयार कर रहे हैं, यह विचार कैसे आया ?

उत्तर - हमारे स्कूल में फुटबाल के लायक मैदान नहीं था, लेकिन मुझे खिलाडी तैयार करना था, मैंने तलवारबाजी के बारे में सुना था और इंटरनेट के माध्यम से इस खेल को जानने की कोशिश की, मुझे लगा कि यदि इसमें मेहनत की जाए तो प्रतिभाएं तैयार की जा सकती है। इसलिए मैंने इस खेल का चुना।

प्रश्न - तलवारबाजी हमारा परंरागत खेल नहीं है, यह बडे शहरों तक ही सीमित है, बच्चों को प्रशिक्षित करने में परेशानी तो आई होगी।

उत्तर - मैं खुद भी इस खेल से अनजान था, बच्चों को इसके बारे में शुरुआत में थोडी परेशानी का सामना करना पडा, लेकिन नया खेल होने के कारण छात्रों में कुछ नया करना चाहते थे, इसलिए बाद में सभी को यह खेल पसंद आने लगा।

प्रश्न - तलवारबाजी के खेल उपकरण बहुत महंगे मिलते है, बिना उपकरण के कैसे आपने इन्हें तैयार किया।

उत्तर - मेरे लिए सबसे बडी चुनौती यही थी कि मैं वो खेल सिखा रहूं हूं, जिसके उपकरण से मैं खुद भी अनजान था, मैंने वीडियो में तलवार देखी थी। उसी के बराबर की लकडी का जुगाढ किया और अभ्यास शुरू कर दिया। देखते ही देखते सभी बच्चों को यह पसंद आने लगा था।

प्रश्न - तलवारबाजी क्या सिर्फ उदयपुर गांव तक ही सीमित था या आसपास के गांव भी इसमें शामिल है।

उत्तर - उदयपुर के अलावा आठ दस किमी क्षेत्र में नौ दस गांव के बच्चें भी अभ्यास के लिए आते है, एक प्रकार से तलवारबाजी के लिए पूरे क्षेत्र में माहौल बनता जा रहा है। ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं।

प्रश्न - इस खेल के विकास के लिए क्या आवश्यता है।

उत्तर - इस पूरे क्षेत्र में 100 से अधिक खिलाडी अभ्यास कर रहे है, यदि उन्हें प्रचलित इलेक्ट्रानिक मैट और आधुनिक तलवार मिल जाए तो गांवं अकादमी बन सकता है। अभी हम लकडी को ही तलवार बनाकर अभ्यास कर रहे हैं।

प्रश्न - राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मंडला का कैसा प्रदर्शन है, इसके पहले भी कभी भाग लिया था

उत्तर - भोपाल में चल रही प्रतियोगिता में हमारे खिलाडी उम्मीद केमुताबिक प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक 50 से अधिक पदक खिलाडी पदक जीत चुके हैं। 2018 में भी हमारी 72 सदस्यीय टीम ने भाग लिया था और 59 पदक जीते थे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता को पांच हजार, रजत विजेता को चार व कांस्य पदक को तीन हजार का पुरस्कार मिलता है, इस राशि से हमारे खिलाडियों बहुत लाभ मिला था और नए खिलाडी भी सामने आते है।



## इंदौर के कारोबारी ने भोपाल के व्यापारी से सौदे के नाम पर 50 लाख रुपये हडपे, प्रकरण दर्ज

भोपाल, यशभारत। राजधानी के व्यापारी से अस्सी लाख रुपये लेकर इंदौर के व्यापारी ने सिर्फ तीस लाख का माल भेजा। इस तरह व्यापारी को पचास लाख रुपए का चूना लगा दिया। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर इंदौर के व्यवसायी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।




कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय सतीश कुमार कारपेंटर सईद नगर कोहेफिजा में रहते हैं। वह स्टेप पावर मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग के नाम पर इंटीरियर डेकोरेटर समेत अन्य सामान होलसेल में खरीदकर व्यापारियों को सप्लाई करते हैं, जिससे उन्हें ब्रोकर के रूप में राशि प्राप्त होती है। सतीश ने पुलिस को बताया कि पिछले साल उनकी मुलाकात महालक्ष्मी नगर इंदौर निवासी जगदीश जोशी से हुई थी। जगदीश मायपूल एशिया एवं देव इंटरप्राइजेज के नाम पर फर्म चलाते हैं। वह थोक में सामान खरीदने और बेचने का काम करते हैं। जगदीश ने सतीश को बताया कि वह उनकी फर्म से माल खरीदते हो तो वे बाजार से सस्ते दर पर मुहैया कराएंगे पर इसके लिए पंद्रह दिन पहले पैसों का भुगतान करना पडेगा जगदीश का आफर ठीक लगने पर सतीश कुमार उनसे सामान खरीदकर व्यापारियों को सप्लाई करने लगे। नियमित सामान की सप्लाई करने पर सतीश कुमार का जगदीश की फर्म पर विश्वास हो गया। जिसके बाद जुलाई 2021 से नवंबर 2021 के बीच उन्होंने विभिन्न व्यवसायियों से करीब 80 लाख रुपये लेकर जगदीश को ट्रांसफर कर दिए। जगदीश ने इसमें से 30 लाख रुपये के सामान की सप्लाई की, लेकिन बाकी 50 लाख रुपये का सामान नहीं भेजा। काफी दिनों बाद भी जब सामान की सप्लाई नहीं हुई, तो सतीश ने अपने रुपये वापस मांगे, लेकिन जगदीश ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत कोहेफिजा पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने जगदीश जोशी के खिलाफ अमानत में खयानत करने का मामला दर्ज कर लिया। सतीश ने पुलिस को बताया कि उक्त रुपये उन्होंने राजगढ, उज्जैन और सीहोर के व्यापारियों से लेकर जगदीश की फर्म में जमा कराए थे। अब पैसा देने वाली व्यापारी भी अपना सामान अथवा रुपये वापस मांग रहे हैं।

# स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने विश्व-कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित किया - मुख्यमंत्री

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले के परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर पहुँचे। उन्होंने ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पादुका पूजन किया। साथ ही द्वारका- शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती एवं बद्रिकाश्रम ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को माला पहना कर वस्त्र पट्टिका ओढाई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहाँ राजराजेश्वरी माँ त्रिपुरसुंदरी के दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने मंदिर में परिक्रमा भी लगाई।



**मुख्यमंत्री ने झौंतेश्वर में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को दी श्रद्धांजलि**

### स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ज्ञान, भक्ति एवं कर्म त्रिवेणी के संगम

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ज्ञान, भक्ति एवं कर्म की त्रिवेणी के संगम थे। उन्हें अल्पायु में ही वेद-वेदांगों, उपनिषदों एवं सनातन धर्म के सार का ज्ञान था। वे ज्ञान मार्गी भक्त और क्रांतिकारी कर्मयोगी थे। उन्होंने भारत छो?ो आंदोलन में भी भाग लिया। उन्हें क्रांतिकारी संत के रूप में जाना जाता है। उन्होंने जेल की यातना? सहीं। स्वामी जी विश्व कल्याण के साथ ही गरीब, दलित, शोषित एवं पीडितों के कल्याण के लिए सदैव काम करते रहे। स्वामी जी में दीन-दुखियों के प्रति करूणा का भाव सदैव रहा। उन्होंने आत्मा के मोक्ष और जगत कल्याण के लिए कार्य किया। उनकी तपस्या एवं साधना ने इस क्षेत्र को ऊर्जा स्थल बनाया है। वे निरंतर जन-जन के कल्याण में लगे रहे और सेवा के अनेक प्रकल्प प्रारंभ किये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूज्य शंकराचार्य जी ने समान नागरिक संहिता, अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण और गौ-रक्षा जैसे विषयों पर हमेशा देश को जगाने का काम किया। उनके चेहरे का तेज और उनकी वाणी का ओज उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी सदैव दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने उनके चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने धर्म की जय, अधर्म के नाश, प्राणियों में सद्भावना और विश्व के कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित किया। स्वामी जी ने झारखंड में विश्व कल्याण आश्रम हो या अलग-अलग राज्यों में जनजातियों के कल्याण के लिए भी काम किया। चिकित्सालय, विद्यालय, संस्कृत पाठशाला सहित अनेक सेवा कार्यों में भी वे सदैव सक्रिय रहे।

केंद्रीय जल शक्ति, खाद्य प्र-संस्करण एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने स्वामी स्वरूपानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पादुका पूजन किया। राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी, विधायक श्री जालम सिंह पटेल, श्री अभिलाष मिश्रा ने भी स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लिफ्ट मांगी, चालक को शराब पिलाई और स्कूटर में रखे पौने चार लाख रुपये ले भागा

भोपालयशभारत। । अशोकागार्डन इलाके में एक पौने चार लाख रूपये की चोरी का अजीबों गरीब मामला सामने आया है। स्कूटर सवार से एक युवक ने लिफ्ट ली और रास्ते में बातचीत के दौरान दोस्ती होने पर छककर शराब पी और लिफ्ट लेने वाला युवक स्कूटर की डिग्गी से पौने चार लाख रूपये नकदी चुराकर रफूचक्कर हो गया। बाद में जब उसे चोरी का पता लगा तो उन्होंने थाने में केस दर्ज कराया है।पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विवेकानंद कालोनी हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा में रहने वाले 43 साल का सुरेश कुमार तिर्की बेरोजगार हैं। उनकी पत्नी राजकिशोरी लकडा विदिशा में शासकीय स्कूल देवखजूरी स्कूल में शिक्षका हैं। सात सितंबर को सुबह सवा दस बजे राजकिशोरी ने दस नंबर हबीबगंज बैंक शाखा का एक सेल्फ चेक लांबाखेडा में बन रहे उनके मकान के ठेकेदार को देने के लिए पति को दिया था, वह चेक लेकर निकले और रास्ते में उस चेक को दस नंबर बैंक पहुंचकर केस कराकर चार लाख रूपये निकाल लिए। बाद में उस राशि को एक हरे रंग के कपड़े में रखकर स्कूटर की डिग्गी में रख लिए। उस थैले में उनकी पत्नी, बेटी और बेटे के आधार कार्ड , मोबाइल, पत्नी का पेनकार्ड रखा था। बाद में वह करोंद जाने के लिए निकले, रास्ते में शराब की दुकान दिखी तो उन्होंने चार लाख में से पांच सौ का नोट निकाला और दस नंबर मार्केट से शराब खरीदी और बगल के अहाते में पी। वहां से निकलकर वे साली के घर पहुंचे और साली के बेटे का जन्मदिन होने पर उसे पांच सौ रूपये उसी नोटों की गड्डी से दिए। बाद में वह करोंद जाने के लिए निकले और कैरियर कालेज के तिराहे से बायी तरफमुड़कर सिक्युरिटी लाइन की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक युवक ने हाथ देकर उनको रोका और लिफ्ट मांगी। सुरेश उसे लिफ्ट देने का तैयार हो गया।सुरेश ने उस युवक से कहा कि वह स्कूटर नहीं चला पा रहे हैं। वह स्कूटर चला ले, यह सुनकर वह अज्ञात युवक स्कूटर चलाने तैयार हो गया। बाद में दोनों करोंद की तरफ जाने लगे। तभी एक बार फिर से रास्ते में अप्सरा के पास कलारी में सुरेश का शराब की तलब लगी और वह को युवक के साथ शराब पीने बैठ गया। उसके बाद उनको होश नहीं रहा और जब होश आया तो वह सुभाष कालोनी में थे और इसी दौरान वह युवक मौके पाकर उनके बैग समेत रूपये चोरी करके चला गया। स्कूटर उसी स्थान पर खडा कर गया था। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला जांच में ले लिया है।

### पमरे द्वारा लगाई प्रदर्शनी का शुक्रवार को हुआ समापन

# किसी ने लिखा एक्सीलेंट, किसी ने बताया यादगार और ऑसम, माइंड ब्लोइंग

**जबलपुर , यशभारत। भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में पश्चिम मध्य रेलवे जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में लगाई गई प्रदर्शनी का आज समापन हो गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय रेल के स्वर्णिम युग के महत्वपूर्ण पहलुओं एवं पश्चिम मध्य रेल की 75 महत्वपूर्ण उपलब्धियों को वॉल पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। साथ ही रेल के सफर को दुलर्भ फोटो के रूप में बडे रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया था, बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, युवा विद्यार्थियों सभी को प्रदर्शनी भा गई। हर देखने वाले ने इस प्रदर्शनी की सराहना की। बिजली के इंजन का चलता हुआ मॉडल सभी के लिए, और विशेषकर बच्चों के लिए बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा।**



हर वर्ग के लोगों को भा गया छुक छुक रेलगाड़ी का चलता फिरता इंजन

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी के समापन अवसर पर रेल प्रदर्शनी को इतना प्यार देने के लिए रेल प्रशासन की तरफ़ से सभी दर्शकों एवं रेल यात्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल द्वारा जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 की कॉनकोर्स में पमरे अमृतकाल का सफर, भारतीय रेल के साथ प्रदर्शन दिनांक 16 सितम्बर 2022 से 23 सितम्बर 2022 तक लगाई गई थी। विगत 16 सितम्बर 2022 को प्रदर्शनी का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता एवं पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता के द्वारा किया गया था।

प्रदर्शनी में नवनिर्मित आधुनिक एलएचबी कोच, आईसीएफ कोच एवं एनएमजीएच कोच के मॉडल।

आधुनिक वैगन मॉडल जैसे बीपीटीएन, बॉक्सएनएचएम एवं बीसीएनएचएल वैगनों को रखा गया था। इस प्रदर्शनी में बच्चों के मनोरंजन के लिए सेल्फी प्वाइंट के साथ हैमर गेम और रनिंग ट्रैक्शन लोको मॉडल आकर्षक का केंद्र बना हुआ था।

इसके साथ ही एलईडी टीवी में भी पश्चिम मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को दिखाया जा रहा था,इस कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

सैकड़ों दर्शकों ने विजिटर डायरी में अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए मुक्त कंठ से इस रेल प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी के दर्शकों में सिहोरा के राजकमल तिवारी ने सबसे पहला कमेंट लिखा एक्सीलेंट न केवल जबलपुर, रीवा, सतना, सागर दमोह, नरसिंहपुर, कटनी, मंडला बल्कि देश भर के विभिन्न प्रांतों अन्य राज्यों के लोगों ने भी प्रदर्शनी देखी और इसकी सराहना की। रीवा के राजेश पांडे ने लिखा - ÷फेंटास्टिक÷, इसी तरह जबलपुर के ए.एस.शर्मा ने लिखा -÷ अद्भुत एवं सराहनीय कार्य÷। जबलपुर के ही ओंकार नामदेव ने इसे -÷ बहुत खास एवं यादगार÷ बताया। नरसिंहपुर के मोहम्मद कासिम ने प्रदर्शनी देखकर कहा - ÷ माशाअल्लाह।÷ इसके अलावा पूणे की चारू शाह ने ÷माइंड ब्लोइंग÷ लिखकर सराहना की। उत्तर प्रदेश के जौनपुर से आए विजयकांत साहू नामक एक यात्री ने इस प्रदर्शनी को ÷ऑसम÷ बताया। इस तरह बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं, युवा विद्यार्थियों सभी को प्रदर्शनी रोचक और ज्ञानवर्धक लगी।

# संकुल संचालन व्यवस्थित हो

### प्राचार्यो के रिक्त पद शीघ्र भरें जावे

### प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे चल रहे स्कूल
### आयुक्त, लोक शिक्षण से किया पत्राचार एवं ईमेल

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के संरक्षक दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि सैकड़ो ऐसे हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल हैं जिनमें प्रभारी प्राचार्य पदस्थ हैं इन्हीं के भरोसे कार्य हो रहे हैं परिणामस्वरूप अवयवस्थाओं का अम्बार लगा हुआ हैं किसी भी कर्मचारी शिक्षक का कार्य समय पर नहीं हो पाता साथ ही साथ शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित हो रहा हैं।

संघ के अनुसार इस समय प्रदेश में 2800 हायर सेकेंडरी और 2900 हाई स्कूलों में क्रमशः लगभग 800 एवं 1400 प्राचार्य पद रिक्त हैं इस कारण इन स्कूलों में या तो व्याख्याता या फिर वरिष्ठ अध्यापकों को प्रभारी प्राचार्य पद संभालना पड रहा है जिससे कि इनके द्वारा पढाये जाने वाले विषय की कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं जिससे विद्यार्थियों ड़ो भारी नुकसान उठाना पड़ रहा हैं अतः प्रदेश के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पूर्ण कालिक प्राचार्यो की नियुक्तियां की जाना चाहिए।संघ ने आयुक्त शिक्षा विभाग एवं माननीय शिक्षा मंत्री महोदय जी से रिक्त पड़े प्राचार्यो के पदों ड़ो शीघ्र अतिशीघ्र भरने हेतु कहा है।

संघ के संरक्षक दिलीप सिंह ठाकुर, अशोक उपाध्याय, जी टी झारिया,ऋषि पाठक,रेनू बुनकर, अर्चना भट्ट,सीता शर्मा,गीता कोल,भास्कर गुप्ता,आकाश भील, विश्वनाथ सिंह, नितिन तिवारी, धर्मेंद्र परिहार आसाराम झारिया,अशोक उपाध्याय,भोगीराम चौकसे, गंगाराम साहू, क्रिस्टोफर नरोन्हा,आदेश विश्वकर्मा,चंद्रभान साहू,विशाल सिंह,अजब सिंह, इमरत सेन, सुधीर अवधिया, राशिद अली,अनुपमा तिवारी, रजनी गुप्ता,नीलम,ममता मिश्रा,आरती ठाकुर, जागृति मालवीय, रौशनी महोबिया, दीपशिखा श्रीवास,नीतू श्रीवास्तव, अंजलि,नीतू जैन, प्रभा यादव, सुषमा श्रीवास्तव, चंद्रकली, सरिता सहाय, दुर्गा पटेल, सावित्री कश्यप, कामिनी पुणेकर, माधुरी शर्मा, गरिमा विश्वकर्मा, अनीता उइके, करिश्मा राजदान, सविता समुंद्रे, कीर्ति आर्मो, माया मजूमदार, शिखा सोनेवाल, अरुणा अग्रवाल,रामकली पुरते, सरोज कोल,भारती बसेड़िया,सतीश दुबे,आशीष कोरी, पंकज, देवेंद्र, सुधीर, सौरभ, कमलेश दुबे,डेलन सिंह,विनीत राव,मोदित रजक, जीतेन्द्र रजक, ब्रजेश कुमार, ब्रजेन्द्र सिंह गजेंद्र सिंह, वीरेंद्र झारिया योगेश ठाकरे वीरेंद्र श्रीवास,समर सिंह ठाकुर नीलेश कोरी, संतोष ठाकुर, ओमप्रकाश, रितेश कोल, अर्पित श्रीवास्तव,आदि ने शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त महोदय, लोक शिक्षण से उपरोक्त विषय पर गंभीरता बरतने को कहा।

## माईक्लासरूम द्वारा संचालित मोमेंटम ने कई टॉप ऑल इंडिया रैंकों के साथ एनईईटीए जेईई प्रवेश परीक्षाओं में शानदार परिणाम दिया



**जबलपुर, यशभारत।** एक अनुशासित दृष्टिकोण और बेहतर योजना के जरिए माईक्लासरूम द्वारा संचालित मोमेंटम ने अपने स्टूडेंट्स को एनईईटी और जेईई एडवांस कॉम्पिटिटिव एग्जाम में बेहतरीन परिणाम प्राप्त करने में मदद की। संस्था के कई स्टूडेंट्स ने दोनों प्रवेश परीक्षाओं में देश में टॉप.लेवल रैंक्स हासिल की है। मोमेंटम के बेहतरीन परिणामों को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि जबलपुर में केवल 10 स्टूडेंट ऐसे थे जिन्होंने 99 से ऊपर पर्सेंटाइल हासिल किया हैए और इनमें से 10 में से 7 मोमेंटम से हैं।मोमेंटम के स्टूडेंट्स में से एक अंश पांडे ने फ़िजिक्स में परफेक्ट 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।नए जमाने की तकनीकए हाई.एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुभवी फैकल्टी के जरिए माईक्लासरूम ने आयुष मौर्य को 617ए और भावजोत सिंह जग्गी को 720 में से 607 हासिल करने में मदद की है। 28 से अधिक स्टूडेंट्स के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की उम्मीद है. यह आंकड़ा है शहर में अब तक का सर्वाधिक है। संस्थान में स्टूडेंट्स को गहरी कॉन्सेप्चुअल समझ पैदा करने से साथ ही अच्छी प्रैक्टिस कराई जाती हैए यही कारण है सेंटर के 100 से अधिक स्टूडेंट्स को नीट एग्जाम में कुल 720 में से 600 से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं।

## वट्ेश्वर धाम पिपरिया में नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही



**बरेला, यशभारत।** वट्ेश्वर धाम पिपरिया में नवरात्रि की तैयारी जोर–शोर से चल रही है वट्ेश्वर धाम पिपरिया में मां जगत जननी की प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति स्थापित है और मां जगत जननी की नौ बहनों के साथ हरदौल बाबा भैरव बाबा भी, बड़ी खेरमाई माता, हनुमान जी महाराज, शनिदेव, विराजमान है वट्ेश्वर धाम परिसर की सुन्दरता, विशालकाय बरगद, पिंपल, ओर सुन्दर फुलवारी एवं अनेक औषधि पौधे,भक्तों के मन को मोहित करती है नवरात्रि के अवसर पर भक्तों का जमावड़ा लगातार नौ दिनों तक लगा रहता है बटेश्वर धाम की मान्यता है कि नवरात्रि में सच्चे हृदय से जो भी भक्त मनोकामना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है प्रथम दिन से ही मां जगत जननी का श्रृंगार आराधना पूजन आरती एवं पंचमी से महाआरती, कन्या भोज,भंडारे का आयोजन किया जाता है वट्ेश्वर धाम पुजारी पंडित विजय पांडे, रानू तिवारी विवेक तिवारी,राकेश सोनी ,शिवराम, मणिराम,गोपाल कुशवाहा, सूरज यादव, तेजीलाल ,मोहन,मुन्ना,अजय, संजय, ललित, धनश्याम, योगगुरु शिवराम राहुल साहू,एवं समस्त सहयोगी ग्रामवासी है।

## अमेजॉन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 डील्स रिवील




**एजेंसी।** अमेजॅनइन का सबसे बजा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 लाखों सेलर्स छोटे और मध्यम बिजनेस और लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट पर शानदार डील्स ऑजर करता है कस्टमर्स स्मार्टफोन, एप्लायंसेस, कंज्यूरमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, ग्रॉसरी, अमेजॅन डिवाइस, होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के विशाल सलेक्शन पर शानदार डील्स प्राप्त कर सकते हैं कस्टमर्स को सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों और लाखों छोटे बिजनेस के शानदार ऑजर के साथ अमेजॅन लॉन्चपैड, अमेजॅन सहेली, अमेजॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेजॅन सेलर्स के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले कस्टमर्स एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पाटर्नर बैंकों के आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10 इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड से आकर्षक ऑफर, और भी बहुत कुछ 11 लाख सेलर्स और 2 लाख लोकल स्टोर्स से खरीदारी करें द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 11 लाख से अधिक सेलर्स के साथ सेलीब्रेट करता है अमेजॅन.इन पर कस्टमर्स को करोजों प्रोडक्ट पेश करता है जिसमें भारतीय एसएमबी और लोकल स्टोर्स के यूनीक प्रोडक्ट शामिल हैं।

# देर रात तक खानपान की दुकानें खुलने गृहमंत्री से मांगी अनुमति



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल एवं महानगर संयोजक मनीष जैन %कल्लू% के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से खाद्य सामग्री की दुकानें रात्रि में खोलने की अनुमति देने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि वर्तमान में बाजार रात्रि 11=00 बजे बंद कराने की प्रशासनिक व्यवस्था है। और इस कारण देर रात खाद्य सामग्री की उपलब्धता नहीं होने से जन सामान्य को परेशानी होने के साथ ही उक्त व्यवसाईयों की आजीविका भी प्रभावित होती है। अतीत में खाद्य सामग्री का व्यापार मध्य रात्रि तक चलने के कारण काफी चहल-पहल रहा करती थी इंदौर में तो देर रात खाद्य सामग्री की बिक्री होने की व्यवस्था रही है और अब वहां 24 घंटे बाजार खुले रखने की पहल हो चुकी है। रात्रि में 1=00 बजे तक खाद्य सामग्री के विक्रय से आसपास के क्षेत्र में अपराध एवं शराबखोरी पर नियंत्रण लग जाता है, सामान्य व्यापारी को आमतौर पर 10 बजे तक घर पहुंचने के कारण देर देर रात ही परिवार के साथ बाहर खाने का अवसर मिल पाता है। रात्रिकालीन सेवा प्रदान करने वाले पत्रकार, अधिवक्ता, पुलिसकर्मी, अस्पताल कर्मी, रिक्शा ऑटो, चालकों के लिए भी देर रात खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहायक साबित होगी। हाथ ठेला लगाने वालों को दिन में यातायात के कारण अनुमति नहीं मिलने से उनकी आय प्रभावित होती है देर रात तक व्यवसाय अनुमति मिलने से उनकी आजीविका के साधन बनेंगे। दिन में जो अन्य कार्य या नौकरी करते हैं उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा,रोजगार के नए अवसर मिलेगें। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल जिला संयोजक मनीष जैन कल्लू प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी अखिलेश दिक्षित सोनू बचवानी अखिलेश तिवारी राहुल जैन राहुल तिवारी सचिन गुप्ता अविनाश जैन अमन बिंद्रा अनुज जैन मासाब शुभम मिश्रा राजेंद्र चौधरी राजेश गुप्ता कल्लू मुकेश सोनी मयंक मतानी श्री चंद भतीजा विवेक शिवहरे आशीष सेन संदीप गोड सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं को रक्तदान

**सिहोरा, यशभारत।** कलेक्टर डा इलैयाराजा टी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी आशीष पांडे की उपस्थिति में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक गायकवाड़ एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर्यन तिवारी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल सिहोरा में 8 ग्रांम से कम हिमोग्लोबिन वाली 8 एएनसी एवं पीएनसी महिलाओं को रक्तदान किया गया।उक्त विशाल रक्तदान कार्यक्रम के सफ़ल क्रियान्वयन में डॉ आई एस ठाकुर,डॉ नील बैनर्जी,डॉ सुनील लटियार, नर्सिंग ऑफीसर नीता सिंह,भावना कूदापे,मोनिका कुशवाहा,संतोषी विश्वकर्मा,एएनएम अभिलाषा श्रीवास्तव,राजेंद्र गुप्ता,प्रीति मिश्रा, मोहित पटेल,नरेश शुक्ला,विपिन दीप मरावी,श्वेता कोष्टा,वीरेंद्र कुमार मेहरा बीसीएम एवं मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ता, एएनएम,सीएचओ का सराहनीय योगदान रहा।

# हिंदी पखवाड़े में काव्य गोष्ठी का आयोजित पाठक एंव महिला काव्य मंच का आयोजन



**सिहोरा, यशभारत।** हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत पाठक मंच सिहोरा और अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच मन से मंच तक के द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य,नंद कुमार परौहा के विशिष्ट आतिथ्य एंव विजय बागरी विजय के सारस्वत आतिथ्य में किया गया। काव्य मंच की संचालक श्रीमती सुषमा खरे ने हिंदी की महिमा,आशा निर्मल जैन ने लावणी छंद में हिंदी का सम्मान,राष्ट्रीय स्तर के कवि श्री बागरी ने हिंदी की स्वतंत्रता पर सुंदर शब्द संयोजित,मुख्य अतिथि ने हिंदी की राष्ट्र भाषा के रूप के साथ अन्य रचनाएँ सुनाकर गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान की। दिलीप पटैल ने नानी की याद में सुंदर संस्मरण सुनाया जिसमें ग्रामीण अंचल के शब्दों का प्रयोग कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। संजय तिवारी जी ने कृपा कहाँ पर अटकी है से अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए सबको खूब हंसाया। प्रमोद दाहिया ने पितृ पक्ष में पिता की याद का गीत गाकर सबको भावुक कर दिया।सीताराम कुशवाहा ने कुछ विशेष हिंदी शब्दों पर अपनी बात रखी तथा अरविंद मिश्रा ने गीत सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरुणा पाण्डे ने हिंदी भाषा की स्थिति पर बात करते हुए रचना पाठ किया।नारायण तिवारी ने हिंदी प्रेम की बोली गीत गाने के साथ साथ पूरे कार्यक्रम का बहुत ही उम्दा संचालन किया।

# हिंदी भाषा में काम करने के साथ सामान्य ज्ञान में प्रवीणता प्राप्त रेल कर्मचारी पुरष्कृत

**जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल में चल रहे हिंदी राजभाषा पखवाडे के तहत मंडल में रेल कर्मचारियों के बीच वाक् प्रतियोगिता में कर्मचारियों के सटीक जवाब पर उन्हें हिंदी विभाग द्वारा पुरष्कृत किया गया.**

इस प्रतियोगिता के तहत मंडल के अपर राजभाषा अधिकारी एवं ए.डी. आर.एम. अमितोज बल्लभ के निर्देशन में एवं मंडल राजभाषा अधिकारी स्वप्निल पाटिल के नेतृतव में चल रहे इस पखवाडे के तहत इस वाक एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारंभ में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती भी मनाई गयी. इस अवसर पर श्री दिनकर के चित्र पर राजभाषा विभाग के किशोर साहू, नवीन कुमार, बंकिम कुमार विक्की एवं अजय नशीने ने माल्यार्पण करके उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. मंडल में राजभाषा पखवाडे का समापन आगामी 29 सितम्बर को किया जायेगा।

# माता गुजरी महिला महाविद्यालय में विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**जबलपुर, यशभारत।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा प्राचार्य डॉ संगीता झाब, डायरेक्टर डॉ कमलेश तिवारी ,विभागाध्यक्ष डॉ पुष्पा रमेश के निर्देशन में एक दिवसीय विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीकॉम के सभी वर्षो के टैक्स ग्रुन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभाग ध्यक्ष डॉ पुष्पा रमेश के द्वारा आईटीआर और पैन फॉर्म भरने की प्रक्रिया एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. संगीता तोमर के द्वारा पैन और आईटीआर भरवाया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग से डॉ मीता श्रीवास्तव, डॉ जयश्री जैन, डॉ रिचा राय, डॉ गणेश दुबे, प्रियंका आनंद साहनी,खुशबू ठाकुर,कांची लालन ,शिवांगी मखीजा , सुषमा अवस्थी का विशेष सहयोग रहा।

## केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**जबलपुर यशभारत।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत पश्चिम मध्य रेल, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एच. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तीनों मण्डलों पर मण्डल चिकित्सालयों एवं स्वास्थ इकाइयों तथा केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में कैंपेन चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय चिकित्सालय पमरे, जबलपुर के सभागृह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर केन्द्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ. बी.सी.एस. राव एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. आर.एन. मिश्रा के उपस्थिति में चिकित्सा विभाग के स्टाफ /कर्मचारियों ने मिलकर आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला द्वारा रक्तदान के साथ की गई। इस कैंपेन में रानीदुर्गावती, एल्गिन चिकित्सालय जबलपुर के ब्लड बैंक विभाग के कर्मचारियों और डॉक्टरों ने बहुत जल्दी और कुशलता से ब्लड डोनेशन की व्यवस्था की। जिसमें मुख्यालय एवं मण्डल रेलवे अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार सहित रेलवे यूनियन के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर स्वेच्छा से कुल 32 बैग रक्तदान किया।

# सुश्री एकता ठाकुर को सौंपा ज्ञापन



**कुंडम, यशभारत।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ,मध्य प्रदेश तहसील कुंडम जिला जबलपुर के तत्वाधान में शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिसमें आज जिला पंचायत सदस्य सुश्री एकता ठाकुर ने भाग लिया एवं अध्यापकों द्वारा की जा रही मांग का समर्थन कर प्रदेश सरकार से मांग करी है कि जल्द से जल्द इनकी मांगों को पूरा किया जाए व पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए शिक्षक संघ ने एकता ठाकुर को ज्ञापन सौपा साथ में ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमित साहू शिक्षक संघ के जे.एस नागबंसी मिथिलेश पुरी गोस्वामी अजय दुबे चंद्रशेखर विश्वकर्मा सुशील रेणु विश्वकर्मा रश्मि साहू किरण मिश्रा उर्मिला मरावी सरिता वरकडे बड़ी संख्या में सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# वन एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की रेलवे में होगी भर्ती

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे द्वारा अपनी परियोजनाओ की रूकावटो को दूर करने एवं कार्य को तेज गति से निष्पादित करने के लिए वन एवं राजस्व विभाग के सेवानिवृत कर्मचारियों की पुनर्नियोजन योजना द्वारा रेलवे में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा राज्य सरकार के वन एवं राजस्व विभाग के पटवारी,रिवेन्यू इन्स्पेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रेंजरो के पद से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों अधिकारियो के लिए पमरे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय से सहायक कार्मिक अधिकारी संजय कुमार सिंहा ने भर्ती का पत्र जारी किया है. जिसके तहत उक्त पदों पर पहले आओ पहले पायो के तहत 65वर्ष तक की आयु वाले पात्र आवेदकों की भर्ती की जाएगी. रेलवे सेवा में आने वाले उक्त स्टाफ को लैंड एक्वीजिशन एसोसियेट के नाम से परिभाषित किया गया है. इन्हें प्रतिमाह वेतन एवं अन्य भत्ते तथा छुट्टियों की सुविधा भी शर्तो के अनुसार प्रदान की जाएगी।

# 25000 या लैपटॉप वितरित योजना में भेदभाव




**जबलपुर, यशभारत।** भगवा मलन संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताए की माननीय शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री के आदेसानुसार 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक पाने वाले विद्यार्थियों को 25000 या लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मेधावी छात्रों को आगे बढ़ने हेतु 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 25000 या लैपटॉप दिया जाएगा, संघ के संस्थापक सचिन गुप्ता ने कहा लेकिन यह अत्यंत दुख का विषय है की अन्य बोर्ड में अध्ययन किए विद्यार्थियों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है क्या हर बच्चे मध्य प्रदेश के निवासी नहीं हैं और अपने शिक्षा के स्तर को उच्च करना नही चाहते हैं। वे सभी भी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से अध्ययन कर रहे हैं। वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज भारद्वाज ने कहा सभी विद्यार्थियों के साथ समानता का व्यवहार करते हुए ना केवल मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल अपितु अन्य सभी मंडल(बोर्ड) जैसे CBSC अन्य विद्यार्थियों को उक्त सुविधा का लाभ दिया जाए। इस दौरान संघ के प्रदेश सचिव महिला मोर्चा श्री मति भूमा रैकवार, अभिनेष अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष, डॉ शीलेंद्र, डॉ खरे, देवेंद्र शुक्ला, पायल साहू मौजुद रहे।

# फेडरर ने नम आंखों से टेनिस को कहा अलविदा

## अंतिम मुकाबले में रो पड़े सभी दिग्गज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजर फेडरर ने शुक्रवार को टेनिस को अलविदा कह दिया। रोजर फेडरर टेनिस के महान खिलाड़ियों में से एक हैं। फेडरर ने अपने 24 साल से टेनिस करियर में कई उपलब्धियां हासिल की। भारत समेत पूरी दुनिया में उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। ये कहना गलत नहीं होगा की फेडरर एक ऐसे शख्सियत है जिन्होंने टेनिस को पूरी दुनिया में एक अलग पहचान दिलवाई। शुक्रवार को रोजर फेडरर ने अपने टेनिस करियर का अंतिम मैच खेला। इस मैच में रोजर फेडरर टेनिस के चैंपियन खिला?ी राफेल नडाल के साथ जो?ी में कोर्ट में अंतिम बार उतरे। इस मुकाबले में जैक सोक और फ्रांसिस टाइफोइ के वर्ल्ड टीम की जो?ी ने रोजर फेडरर राफेल नडाल को 4-6, 7-6 (2) और 11-9 से हरा दिया। लेकिन इस मैच में हर कोई रोजर फेडरर को टेनिस को अलविदा कहते देख बेहद निराश था। रोजर फेडरर ने अपने 24 साल के करियर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। रोजर फेडरर के रिटायरमेंट में सभी के आंखें नम थी। हर कोई इस लम्हे को अपनी यादों में कैद करना चाहता था।





### क्या बोले नडाल

पिछले हफ्ते फेडरर की रिटायरमेंट की घोषणा के बाद, स्पैनियार्ड (राफेल नडाल) ने अपने लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी फेडरर को सलाम किया और कहा कि उनके संन्यास की खबर मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और दुनिया भर के खेलों के लिए एक दुखद दिन है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने पिछले कुछ वर्षों में फेडरर के साथ कई रोमांचक मैच खेले है। फेडरर के रिटायरमेंट में राफेल नडाल रोते नजर आए। फेडरर की भी आंखें नम थी।

### नम आंखों से क्या बोले फेडरर

रोजर फेडरर ने अपने रिटायरमेंट पर कहा कि ÷मेरे लिए यह के शानदार दिन था। मैंने लोगों से कहा कि मैं खुश हूं, दुखी नहीं। यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। कोर्ट पर अंतिम बार अपने जूतों के फीते को बांधने में मज़ा आया, सब कुछ आखिरी बार था। मुझे इतना तनाव महसूस नहीं हुआ, हालांकि मुझे लगा कि शायद मेरे काफ में दर्द हो सकता है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मैच बहुत अच्छा था। राफा के साथ खेलना अच्छा था और यहां सभी महान खिलाड़ियों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं।

# रोहित शर्मा ने खेली तूफानी पारी, बन गए टी20 इंटरनेशनल के नए सिक्सर किंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर के वीसीए स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरे मुकाबले में रोहित शर्मा ने जोरदार बल्लेबाजी की। भारतीय कप्तान ने इस मैच में 20 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए और भारत को छह विकेट से जीत दिला दी। भारतीय कप्तान ने अपनी पारी के दौरान चार चौकों के साथ चार छक्के भी लगाए और टी20 इंटरनेशनल में एक नया कीर्तिमान बना दिया।

### रोहित बने टी20 इंटरनेशनल के सिक्सर किंग

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस जीतने के बाद आठ ओवर के मैच में 91 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान में उतरे। जब वे क्रीज पर आए तब वे एक खास रिकॉर्ड बनाने के बेहद करीब थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में सिक्सर किंग बन गए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाला बल्लेबाज बनने के लिए हिटमैन को सिर्फ एक छक्का लगाने की जरूरत थी। इस काम को उन्होंने पहले ओवर में ही पूरा कर लिया। उन्होंने बड़ी आसानी से टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया इससे पहले टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल के नाम दर्ज था। गप्टिल ने 121 मैचों की 117 पारियों में 172 छक्के लगाए हैं। वहीं रोहित शर्मा अब 138 मैचों की 123 पारियों में 176 छक्के लगाकर गप्टिल से आगे निकल चुके हैं।

### रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 500 छक्के लगाने के करीब

टी20 वर्ल्ड कप के लिए रवाना होने से पहले रोहित को अभी सात और इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। नागपुर के बाद एख और मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और तीन टी20 और तीन वनडे मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ। इन छह मैचों में रोहित के पास छक्कों से जुड़ी एक और उपलब्धि हासिल करने का मौका है। रोहित अगर इस सीरीज में 10 और सिक्स लगा लेते हैं तो वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले दुनिया के दूसरे क्रिकेटर बन जाएंगे। अब तक 500 से ज्यादा छक्के सिर्फ क्रिस गेल ने लगाए हैं। रोहित अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में 416 मैचों में 490 छक्के लगा चुके हैं और सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। जबकि कैरेबियाई धुरंधर क्रिस गेल 483 मैचों में 553 छक्के लगाकर इस लिस्ट में टॉप पर हैं।

# तब्बू ने खोला ब्यूटी सीक्रेट, बोलीं खरीद ली थी 50 हजार की क्रीम,अब नहीं खरीदूंगी



**मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड ऐक्ट्रेस तब्बू हाल ही में भूल भुलैया 2 में वह अपनी ऐक्टिंग से लोगों का दिल जीत चुकी हैं। मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अछा परफॉर्म किया। वैसे फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने 30 साल से यादा का वक्त गुजार लिया है। 51 साल की उम्र में भी तब्बू का चार्म बरकरार है। एक रीसेंट इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वह खूबसूरत दिखने के लिए कुछ खास नहीं करतीं। हालांकि यह भी बोलीं कि एक बार उन्होंने अपनी मेकअप आर्टिस्ट के कहने पर 50 हजार की क्रीम खरीद ली थी।**

### अब नहीं खरीदूंगी महंगी क्रीम

फिल्म भूल भुलैया 2 में तब्बू अहम रोल में थीं। उन्होंने अंजुलिका और मंजुलिका नाम की जुड़वां बहनों का रोल निभाया था। मूवी में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी भी लीड रोल्स में थे। तब्बू से जब उनका ब्यूटी सीक्रेट पूछा गया तो उन्होंने फिल्म कंपेनियन को बताया, कोई सीक्रेट नहीं है। मेरी मेकअप आर्टिस्ट मिताली बोलती है, मैम स्किन अछी लग रही है, आप कुछ घरेलू नुस्खा अपना रही हैं क्या? मैं कभी उसको बताती हूं कि मैं कभी कॉफी लगा लेती हूं तो कभी कोई प्लांट तो वह बोलती है, आप ऐसा नहीं कर सकतीं। आपको यह क्रीम लगानी चाहिए। और फिर वह कोई 50 हजार रुपये की क्रीम सजेस्ट कर देगी। एक बार खरीद लिया बस आगे नहीं खरीदूंगी।

### खुशी है ग्लो का राज?

तब्बू से पूछा गया कि क्या उनकी खुशी उनके ग्लो का राज है? इस पर तब्बू ने बताया कि वह वह अपने चेहरे पर कुछ खास नहीं करतीं लेकिन उनको पता है कि किस तरह से वह अछी दिख सकती हैं। वह बोलती हैं, मैं जानबूझकर उस चीज से छेड़छाड़ नहीं करूंगी। कोई ऐक्टर नहीं भी है तो भी अछा दिखना चाहता है, मैं भी कोशिश करती हूं।

# तनुश्री दत्ता का दावा, मीटू मूवमेंट के बाद की गई जान से मारने की कोशिश, मेड पर जहर देने का शक



**मुंबई, ईएमएस। तनुश्री दत्ता ने मीटू मूवमेंट के दौरान नाना पाटेकर पर कई चौंकाने वाले आरोप लगाए थे। अब एक रीसेंट इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि जब उन्होंने अपनी आपबीती लोगों को सुनाई तो उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई थी। तनुश्री दत्ता इससे पहले कह चुकी हैं कि उन्हें कुछ भी हो सकता है। इसके लिए ऐक्टर नाना पाटेकर, उनकी लीगल टीम और बॉलीवुड माफिया जिम्मेदार होंगे। तनुश्री दत्ता ने बताया कि जब वह उज्जैन में थीं तो उनकी कार के ब्रेक खराब किए गए थे। ऐसा कई बार हो चुका है। तनुश्री ने FM Canada को बताया, मेरा ऐक्सीडेंट हुआ था और यह बहुत बुरा एक्सीडेंट था। इसमें आई चोटों को ठीक होने में काफी वक्त लगा था और काफी खून निकल गया था। तनुश्री को लगता है कि एक बार उन्हें किसी ने जहर देने की कोशिश भी की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर पर एक मेड को रखा जिसके बाद वह धीरे-धीरे बीमार होने लगीं। तनुश्री ने बताया, मुझे शक है कि वह मेरे पानी में कुछ मिला रही थी।**

### करना चाहती थीं कमबैक

तनुश्री मीटू मूवमेंट के बाद 2020 में भारत वापस आई थीं। उन्होंने बताया था कि वह इंडस्ट्री में कमबैक करने की कोशिश कर रही हैं लेकिन लोगों को उनके साथ काम न करने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने लिखा था कि वह अपना करियर फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही हैं। लोग उनके साथ काम करना चाहते हैं। उन्हें कुछ प्रोजेक्ट्स और वेब शोज मिले लेकिन अचानक डायरेक्टर इन्कॉग्निटो मोड में चले जाते हैं या स्पॉन्सर्स पीछे हट जाते हैं।

### इन लोगों पर लगाया था आरोप

बता दें कि साल 2018 में मीटू मूवमेंट के दौरान तनुश्री दत्ता ने आवाज उठाई थी। उन्होंने फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के दौरान नाना पाटेकर, कोरियोग्राफर गणेश आचार्य और डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री पर गलत व्यवहार का आरोप लगाया था।

# जाह्नवी कपूर ने शेयर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें

### फैंस का दिल जीतने में रहीं कामयाब



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का लेटेस्ट फोटोशूट सामने आया है, जो काफी चर्चा में बना हुआ है। जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो फिर से अपनी अदाओं के जरिए फैंस का दिल जीतने में कामियाब रहीं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी ने ऑफ व्हाइट कलर की डीप ने नेक वन पीस ड्रेस कैरी की है। इस ड्रेस में वो काफी बोल्ड नजर आ रही है। इस वन पीस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को हाई कवर कर बन के साथ स्टाइल किया है। वहीं कानों में उन्होंने लॉन्ग इयररिंग पहनी है, जो उन पर काफी सूट कर रहा है। फोटोशूट में जाह्नवी अलग-अलग अंदाज में पोज देती दिख रही हैं।जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो बीते महीने की फिल्म गुड लक जेरी रिलीज हुई है। 29 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर आई गुड लक जेरी साउथ फिल्म कोलामावु कोकिला की हिंदी रीमेक है। ओरिजनल फिल्म में नयनतारा ने लीड रोल निभाया था इस फिल्म के बाद जाह्नवी के पास वरुण धवन के साथ वाली फिल्म बवाल भी है। एक्ट्रेस के खाते में फिल्म जन गण मन भी है, जिसमें वे साउथ स्टार विजय देवरकोंडा और पूजा हेगड़े के साथ नजर आएंगी। इन सबके साथ ही जाह्नवी के पास करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 भी है। बता दें कि बॉलीवुड की यंग और टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। बेहद ही कम वक्त में जाह्नवी ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। भले ही जाह्नवी ने अब तक कुछ ही फिल्में की हैं, लेकिन पॉप्युलैरिटी के मामले काफी आगे हैं। एक्टिंग के साथ वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती हैं। फैंस भी जाह्नवी के लेटेस्ट पोस्ट को काफी पसंद करते हैं।

# क्या प्रेग्नेंट हैं शमा सिकंदर? फैंस ने पूछा सवाल तो एक्ट्रेस ने आलिया के अंदाज में दिया जवाब



**मुंबई, एजेंसी।** इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार शमा सिकंदर अपनी एक अलग पहचान रखती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली शमा अक्सर ही अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अपनी इन्हीं ग्लैमरस तस्वीरों के चलते शमा सुर्खियों में बनी रहती हैं। इसी बीच अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बेबी प्लानिंग को लेकर बात करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर शमा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, शमा सिकंदर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्यूट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में लिखा है कि जब लोग आपसे पूछते हैं कि आप बेबी प्लानिंग कब कर रहे हो? इस पर शमा आलिया भट्ट और शेफाली शाह की फिल्म डार्लिंग्स के डायलॉग को बोलती हुई नजर आती हैं, जिसमें वह उनसे पूछा जाता है, तो फीलिंग कब आएगी बेटा। ऐसे में वह मासूम सा चेहरा बनाकर कहती हैं कि मेरे को नहीं मालूम। वीडियो को शेयर करते हुए शमा ने लिखा, क्या आपने भी कभी ये एक्सपीरियंस किया है? शमा के इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। किसी को वह बेहद क्यूट लग रही हैं, तो कुछ हार्ट इमोजी कमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा शमा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। पिंक कलर की बिकिनी में चश्मा लगाए शमा समंदर के बीचों बीच नजर आ रही हैं। शमा के स हॉट अवतार को फैंस भी काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि 41 वर्षीय शमा सिकंदर ने कुछ महीने पहले ही अपने यूएस बेस्ड बिजनेसमैन जेम्स मिलिरॉन से शादी की है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। वहीं, शमा अक्सर अपने पति के साथ वेकेशन की तस्वीरें साझा करती रहती हैं। शमा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि उन्हें बाइपोलर डिसऑर्डर है, जिसमें जेम्स मिलिरॉन ने उनका काफी साथ दिया है।

# 'इट्स टाइम टू डिस्को' पर ठुमके लगा रही उर्फी

### इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा वीडियो



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही उर्फी जावेद का एक डांस वीडियो सामने आया है।इस वीडियो में वे फिल्म 'कल हो ना हो' के गाने 'इट्स टाइम टू डिस्को' पर ठुमके लगाती नजर आ रही हैं।उर्फी का यह मस्ती भरा डांस वीडियो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।उर्फी जावेद का यह वीडियो पुणे क्लब का है।वीडियो में वे ग्रीन कलर की शॉर्ट ड्रेस में डांस करते हुए नजर आ रही हैं।इस दौरान वे काफी मस्ती में नजर आ रही हैं। उनके साथ कई फैंस भी डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं।साथ ही वे अपने फैंस को भी डांस करने के लिए कहती हुई नजर आ रही हैं।भी? में शामिल लोग उर्फी का वीडियो बनाते हुए नजर आ रहे हैं.इसके अलावा, एक वीडियो और सामने आया है जिसमें उर्फी जावेद अपने फैंस के साथ फोटो खिंचवाती हुई और बात करते हुए नजर आ रही हैं।उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए फैंस उत्साहित नजर आ रहे हैं और उर्फी भी किसी को निराश नहीं कर रही हैं।उधर, 'अनुपमा' में रूपाली गांगुली के लाडले बेटे समर का किरदार निभाने वाले पारस कलनावत ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड उर्फी जावेद को लेकर हाल ही कमेंट किया।उन्होंने हाल ही उर्फी का नाम लिए बगैर कहा कि मुझे मेरी एक्स ने भी बहुत प्यार किया था।लेकिन ब्रेकअप होने तक उसने मुझे बहुत अच्छी तरह से ट्रीट नहीं किया।आखिर में मुझे हार माननी ही पड़ी। बता दें कि कि हाल ही 'झलक दिखला जा' के सेट पर पारस और उर्फी के बीच जमकर बहसबाजी हुई थी। इसके बाद उर्फी ने कहा था कि एक टॉक्सिक आदमी को डेट करो।जितना ज्यादा टॉक्सिक लड़का होगा उतना आप रोएंगे और रोने का बाद का जो ग्लो होता है वो और कहीं से आ ही नहीं सकता। मालूम हो कि उर्फी जावेद का सोशल मीडिया पर आए दिन कोई नया वीडियो सामने आता है।सोशल मीडिया पर वे हिट सेलेब्रिटी हैं और उनके वीडियोज फैंस देखना भी चाहते हैं।

# जबलपुर ननि के खिलाफ एएसआई ने सीएम हेल्प लाइन में की शिकायत

## ननि में हड़कंप, मामले की जांच जारी








## 7 घंटे पड़ा रहा ब्रिज के नीचे अधेड़ का शव, नोंच रहे थे कुत्ते, पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। जहां शोभापुर रेलवे ब्रिज के नीचे एक अधेड़ का शव मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव वाहन के लिए ननि को फोन लगाया, लेकिन सात घंटे बीत जाने के बाद भी नगर निगम का शव वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके बाद पुलिस ने सीएसआई अधिकारी सहित नगर निगम कमिश्नर को फोन लगाया, लेकिन फोन स्विच ऑफ आया। इसी बीच शव को कुत्ते नोंचने लगे। जिसकी शिनाख्तगी नहीं हो सकी। थकहार कर जबलपुर पुलिस ने सीएम हेल्प लाइन का सराहा लिया और नगर निगम की शिकायत कर, स्वयं शव का अंतिम संस्कार किया। वहीं, शिकायत के बाद ननि में हड़कंप की स्थिति है और अब वह शिकायत वापस लेने की मिन्नतें कर रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस शोभापुर रेलवे ब्रिज के नीचे एक शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने शव की शिनाख्तगी के प्रयास किए। आसपास के थानों में सूचना दी और गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।

### डी कंपोस्ड हो रहा था शव

पुलिस ने बताया कि शव मिलने के बाद नगन निगम को फोन लगाया गया। ताकि शव को ले जाया जा सके। लेकिन मौके पर सात घंटे बीत गए। इस दौरान शव भी डीकंपोस्ड होने लगा। जिसके बाद जब ननि से संपर्क किया गया तो कहा गया कि फिलहाल शहर में कोई वाहन मौजूद नहीं है। जो शव को उठा सके।

### पुलिस ने की शिकायत

रांझी थाने में पदस्थ एएसआई मनोज गोस्वामी ने बताया कि जब मौके पर शव वाहन नहीं पहुंचा तो उन्होंने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज करवाई। इसके पहले उन्होंने सीएसआई, नगर निगम कमिश्नर से संपर्क भी किया। लेकिन फोन स्विच ऑफ आ रहा था। शिकायत के बाद शव का चौहानी में पूरे रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार करवाया गया। लेकिन ननि ने खबर तक नहीं ली। इस दौरान मौके पर रेलवे का अमला भी मौजूद रहा।

### करीब 15 लाख की आबादी में है 10 शव वाहन

जबलपुर की बात करें तो शहर में करीब 15 लाख की आबादी में 10 शव वाहन मौजूद है। अलग-अलग शमशान घाटों और कब्रिस्तान से लिए गए आंकड़ों के अनुसार शहर में करीब 100 लोगों का प्रतिदिन अंतिम संस्कार होता है। तो वहीं शहर में अनेक संगठनों के सेवार्थ शव वाहन भी मौजूद है। बावजूत उसके अनेक शवों को मुक्तिधाम तक पहुंचाने में घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। तो वहीं अनेक मामलों में तो मजबूरीवश बिना वाहन के भी शवों को मुक्तिधाम और कब्रिस्तान तक पहुंचाया जाता है। ताकि समय सीमा पर संस्कार हो सके।

# मोखा पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज




**न्यायालय के आदेश पर ओमती थाना में अपराध पंजीबद्ध,जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना काल में रेमडेसिविर इंजेक्शन में फर्जीवाड़ा करने वाले सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा, मैनेजर सोनिया खत्री, डॉक्टर प्रदीप पटेल एवं अभिषेक चक्रवर्ती पर न्यायालय के आदेश पर ओमती थाना में गैर इरादतन हत्या अपराध क्रमांक 462/22 मामला पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी जांच जारी है। गौरतलब है कि सिटी अस्पताल में कोरोना काल के दौरान भर्ती हुए पेशेंट घमापुर निवासी विजय कुमार श्रीवास की 3 मई 2021 को मृत्यु हो गई। मृतक विजय कुमार श्रीवास के पुत्र एडवोकेट महेंद्र श्रीवास ने सिटीअस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर लापरवाही और नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन लगाने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए दोषियों पर अपराध पंजीबद्ध करनेन्यायालय की शरण ली थी। आवेदक महेंद्र श्रीवास ने संबंधित आरोपियों पर धारा 302 का मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। थाना प्रभारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश पर आवेदक वकील महेंद्र श्रीवास की शिकायत पर सरबजीत सिंह मोखा, मैनेजर सोनिया खत्री, डॉक्टर प्रदीप पटेल एवं अभिषेक चक्रवर्ती के विरूद्ध एफ आईआर दर्ज की गई है। जिसकी बारीकी से जांच की जा रही है।

## तिलवारा हत्याकांड

# पति ही निकला हत्यारा, ईंट मार मारकर की थी नृशंस हत्या

### श्री राम हाइट्स की साइड में मिला था शव

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा थाना अंतर्गत श्री राम हाइट्स की साइड के पास हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए आरोपी पति को दबोच लिया है। जिसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। दरअसल आरोपी शराब के नशे में धुत्त था। उसी दौरान घरेलु बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी ने ईंट मारकर महिला की हत्या कर दी और फरार हो गया। लाश मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने शारदा चौक पर आरोपी को दबोच लिया है। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया पुलिस ने बताया कि श्रीमती बैसखिया बाई यादव 30 वर्ष निवासी महजपुरी थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी ने सूचना दी कि वह अपने पति नानू लाल यादव के साथ संजीवनी नगर में भवन निर्माण संबंधी कार्य से मजदूरी करते हैं उसका बड़ा भाई बैसाखू यादव अपनी पत्नी सहबिन बाई को साथ लेकर गॉव के जगदीश यादव, राजकुमार यादव, ओमकार एवं अन्य लोगों के साथ जबलपुर सगड़ा लम्हेटा रोड स्थित श्रीराम हाईट्स बिल्डिंग निर्माण कार्य में मजदूरी का काम करता हैं। विगत दिवस भाई बैसाखू यादव ने उसके मोबाइल पर फोन लगाकर बताया कि तुम्हारी भाभी सहबिन बाई की मौत हो गई है। जिसके बाद वह पहुची और एम्बुलेंस से भाभी सहबिन बाई के शव को एम्बुलेंस से लेकर ग्राम सहजपुरी जिला डिण्डोरी पहुंचीं, ग्राम कोटवार व भाभी के परिवार के लोगों ने सहबिन बाई के शव को देखा नाक से खून निकल रहा था। जिसके बाद शव को वापस डिण्डौरी से जबलपुर लाये हैं।



### घरेलु विवाद में हुई हत्या

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बैसाखू और उसकी पत्नी सहबिन बाई की अनबन हो गयी थी। जिसके बाद आरोपी पति ने ईंट से मार मार कर पत्नी की हत्या कर दी। गठित टीम द्वारा शारदा चौक के पास से फरार आरोपी पति बैसाखू लाल यादव 40 वर्ष को अभिरक्षा में लिया। जिसे आज शनिवार को मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# डायबिटीज से घबराने की जरूरत नहीं, बस जागरूक रहें

## होमसाइंस कॉलेज में डायबिटीज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय पोषण माह 2022 के अंतर्गत पोषण जागरूकता और असामान्य स्वास्थ्य स्थितियों के प्रति सतर्कता की जानकारी प्रदान करने हेतु वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट उच्च शिक्षा म.प्र. के अंतर्गतशासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में आहार एवं पोषण विभाग एवं अपोलो डायबिटीज सेंटर, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में समुदाय में डायबिटीज के प्रति जागरूकता हेतु डायबिटीज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग डॉ. लीला भलावी के विशिष्ट संरक्षण एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य डायबिटीज जैसी वैश्विक स्वास्थ्य समस्या को समय रहते सही जानकारी व परामर्श द्वारा नियंत्रित किये जाने के लिए स्थानीय लोगों में जागरूकता लाना था। शहर के प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण जैसे ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर ग्रिप स्ट्रेंग्थ जांच, फैटी लीवर जांच, बी एम आई, आंखों इत्यादि की जांच की गयी और स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भी किया गया आहार एवं पोषण विभाग के आहार विशेषज्ञ शोधार्थियों द्वारा डायबिटीज मेलाभदायक उचित व्यंजनों का प्रदशज़्न कर आहार सम्बन्धी परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर शहर के गणमान्य नागरिकों सहित 286 स्थानीय व्यक्तियों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य स्तर की जानकारी प्राप्त की और इस प्रयाम की सराहना की। सभी चिकित्सकीय परीक्षण डॉ. परमल स्वामी (डायरेक्टर अपोलो डायबिटीज सेंटर) के निर्देशन में सफलतापूवज़्क मंचालित किये गए। कार्यक्रम की संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पाठक के नेतृत्व में सदस्यों वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ. बृजलता दुबे, श्रीमती विश्वशांति पाराशर, श्रीमती अपूर्वा सोनी, श्रीमती चंद्रकांता मौयज़ श्रीमती आयशा ताहेरा खान, श्रीमती माधुरी रामटेके और आहार एवं पोषण स्नातकोत्तर की छात्राओं ने मक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन को नयी दिशादृष्टि देने और सफल संचालन में प्राध्यापक डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही । इस मौके पर यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, दैनिक भास्कर के मनीष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# रांझी में जल्लाद बना पति

## विवाहिता को बेटी सहित घर से निकाला

### शादी के 4 साल बाद लाखों रुपयों की डिमांड

### मारपीट कर किया प्रताड़ित, कहा रुपये दो नहीं तो घर मत आना



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के झंड़ा चौक में दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। जहां एक बच्ची की मां के साथ जमकर मारपीट कर जल्लाद पति ने घर से निकाल दिया और शर्त रख दी कि अगर दोबारा घर में आना है तो दहेज में लाखों रुपये लेकर आओ। जिसके बाद रोते हुए पीड़िता थाने पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 20 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब चार साल बाद लोकेश वंशकार से हुई थी। विवाह के दौरान पिता ने रस्म के आधार पर दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही पति आए दिन मारपीट करता था। जिसकी पूर्व में भी थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद भी पति दहेज की मांग कर, उसकी मासूम बच्ची के साथ उसे घर से निकाल दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोहलपुर में बाइकर्स का आतंक

## युवक से नकाबपोशों से छपट्टा मारकर छीन लिया मोबाइल



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के शांतिनगर में रोड के किनारे मोबाइल से बात करते हुए नकाबपोश बाइकर्स गैंग के दो गुर्गों ने युवक के हाथ से छपट्टा मारकर मोबाइल उड़ा लिया और पलक झपकते ही फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि नितेश बजाज 27 वर्ष निवासी शांतिनगर दमोहनाका ने पुलिस को बताया कि शांतिनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास रेडमी एमआई वाई-2 कम्पनी के मोबाइल से बात करते हुये पैदल घूम रहा था । उसी समय पीछे से 2 युवक आइक से आये और उसका मोबाइल उसके हाथ से लेकर फरार हो गए।

# लार्डगंज में युवती ने लगाई फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 19 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों ने जब अपनी लाडली को फंदे पर झलता हुआ देखा तो चीख पड़े। शोर गुल सुनकर मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। मेडिकल पीएम कराने पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवती कम पढ़ी लिखी थी और घरों में झाढू पोंछा लगाने का काम करती थी। जिसने कल घर में देर रात चुन्नी से फंदा बनाकर, आत्महत्या कर ली। हांलाकि पुलिस को युवती के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।
















# घर में शराबी की शिकायत करने पर काट दी हाथ की उंगलियां

## पिता से परेशान था आरोपी बेटा

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल की नूरानी मस्जिद के पास देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी उंगलियां काट दी। जख्मी हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। दरअसल पीड़ित ने आरोपी के शराब पीने के बाद इसकी शिकायत उसके पिता से कर दी। जिसके बाद आरोपी की पिता ने जमकर धुनाई की थी। इसी बात का बदला लेने आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मो. आरिफ 27 वर्ष निवासी नूरानी मस्जिद के पास ने पुलिस को बताया कि वह मेडिकल दुकान में काम करता है। देर रात अदनान अंसारी नशे की हालत में आया और गाली गलौज करने लगा उसने अदनान के पापा अकरम को फोन पर बताया कि अदनान गाली गलौज कर रहा है तो उसके पिता आये और अदनान को मारते हुये घर ले गये थे उसी बात को लेकर अदनान आया और चाकू से हमलाकर दोनो हाथ की उंगली घायल कर दीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)